RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 मैं बस अपना सिर नीचे कर...

वर्ष : 26 अंक : 216 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 28 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की पेरिस ओलंपिक की चर्चा

भारतीय खिलाड़ियों का बढ़ाएं हौसला

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 112वें एपिसोड को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के बाद यह उनका दूसरा और केंद्रीय बजट 2024-25 पेश होने के बाद पहला संबोधन था। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है, देश के लिए कुछ कर गुजरने का मौका देता है। आप भी अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाइएं, चीयर फॉर भारत।

पीएम मोदी ने मैथ्य ओलंपियाड के विजेता भारतीय छात्रों से बात की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैथ्स की दुनिया में भी एक ओलंपिक हुआ है। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड। इस ओलंपियाड में भारत के छात्रों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें हमारी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता।

उन्होंने कहा, इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में 100 से अधिक देशों के युवा प्रतिभागी भाग लेते हैं, और हमारी टीम ने शीर्ष पांच देशों में सफलतापूर्वक स्थान प्राप्त किया है। देश का नाम रोशन करने वाले इन छात्रों के नाम हैं- पुणे के आदित्य वेंकट गणेश, पुणे के सिद्धार्थ चोपड़ा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशिल माथुर और गुवाहाटी के आनंद भादुड़ी।

प्रधानमंत्री ने असम के चराईदेउ मैदाम को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस लिस्ट में यह भारत की 43वीं, लेकिन नॉर्थईस्ट की पहली साइट होगी। चराईदेउ अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी। अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव और उनकी कीमती चीजों को पारंपरिक रूप से मैदाम में रखते थे।

पीएम मोदी ने बताया कि मैदाम, टीले नुमा एक ढांचा होता है, जो ऊपर मिट्टी से ढका होता है और नीचे एक या उससे ज्यादा कमरे होते हैं। ये मैदाम, अहोम साम्राज्य के दिवंगत राजाओं और गणमान्य लोगों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने का ये तरीका बहुत अनोखा है। इस जगह पर सामुदायिक पूजा भी होती थी। 13वीं शताब्दी से शुरू होकर अहोम साम्राज्य 19वीं शताब्दी की शुरुआत तक चला।

दिल्ली कोचिंग हादसे पर भाजपा-आप में जुबानी जंग

● कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से 3 स्टूडेंट्स की मौत ● पुलिस ने सेंटर के मालिक और कोऑर्डिनेटर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस स्टडी सेंटर में एक बड़ा हादसा हो गया। स्टडी सेंटर के बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में अचानक पानी घुस गया। जिसकी वजह से तीन छात्रों की मौत हो गई। इस लापरवाही को लेकर छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है तो वहीं हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। इस पर दिल्ली में राजनीति शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों एक दूसरे पर आरोपी लगा रही हैं।

राज्यसभा सांसद स्वाति मालवाल ने कहा कि अभी राजेंद्र नगर में यूपीएससी के छात्रों से मुलाकात की। सबने बहुत अच्छे से मुझसे बात की और अपनी जायज पीड़ा बताई। उनके मन में बहुत गुस्सा है कि अभी तक दिल्ली सरकार के मंत्री और मेयर उनसे मिलने नहीं आये। इनका गुस्सा बिलकुल जायज है क्योंकि ये आपदा नहीं मर्डर है। बेशर्मी देखिए अभी भी जवाबदेही की जगह, विधायक और पार्षद कुछ वॉलंटियर्स को छात्रों के बीच में भेज कर मेरे खिलाफ़ नारे लगवाने में दिमाग चला रहे हैं। ये इसलिए क्योंकि मैं मांग कर रही हूं कि इनके खिलाफ भी एफआईआर होनी चाहिए। तुरंत मंत्री और मेयर को अपने आलीशान घर और एसी कमरों से निकल के इन बच्चों से आके माफी मांगनी चाहिए। परिवारों को एक-एक करोड़ की सहयोग राशि देनी चाहिये। मैं संसद में छात्रों के इंसाफ की आवाज जरूर उठाऊंगी।

उधर, नई दिल्ली की संसद बांसुरी स्वराज के अलावा दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय, विधायक दुर्गेश पाठक और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वहां जो हुआ वह त्रासदी नहीं बल्कि हत्या है। बेसमेंट में लाइब्रेरी कैसे चल रही थी? पहले जो जांच बैठाई गई थी उसका क्या हुआ? भाजपा का कहना है कि यह साफ तौर पर नालों की सफाई न होने के कारण हुई दुर्घटना है और नाले का पानी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बहुत तेजी घुसा। इस दुर्घटना के लिए दिल्ली सरकार की आपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है। जल बोर्ड मंत्री आतिशी और स्थानीय विधायक दुर्गेश पाठक को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

घटनास्थल पर पहुंचीं मेयर शैली ओबराय ने बताया कि एमसीडी की गलती मिलने पर दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। नाला या फिर पाइप लाइन फटने के कारण स्टडी सेंटर में पानी भरने की आशंका है। फिर भी इस मामले में एमसीडी की गलती मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उन्होंने भाजपा नेताओं की ओर से घटना के संबंध में दिल्ली सरकार को कठघरे में खड़ा करने पर कहा कि यह आरोप लगाने व राजनीति करने का समय नहीं है।

हादसे पर आप नेताओं की सफाई

दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि इस घटना की जानकारी मिलते ही विधायक दुर्गेश पाठक और मैं तुरंत यहां आए। हमने सुना है कि अचानक नाला या सीवर फट गया और बेसमेंट में पानी भर गया। जांच और बचाव कार्य चल रहा है। कुछ समय में सब कुछ साफ हो जाएगा। एमसीडी या कोई अन्य विभाग जो भी जिम्मेदार होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। यह आरोप लगाने का समय नहीं है। हमें राजनीति से ऊपर उठकर कार्रवाई करनी चाहिए।

REST IN PEACE
#Hold Coaching Mafia Responsible

आप विधायक दुर्गेश ने भाजपा को घेरा

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि यह लो-लाइन एरिया है। इस लाइन से पानी बहता है। नाला या सीवर टूट गया है और पानी बेसमेंट में भर गया है। टीमें अपना काम कर रही हैं। भाजपा को भी जवाब देना चाहिए कि उन्होंने क्या किया। पिछले 15 सालों से वे पार्षद हैं, फिर भी नाला क्यों नहीं बनवाया। एक साल में सारे नाले नहीं बन सकते। राजनीति की कोई जरूरत नहीं है, अभी महत्वपूर्ण बच्चों की जान है।

हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की हुई पहचान

बाकी बचे बच्चों को आनन फानन समीपवर्ती अस्पतालों के लिए रवाना कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि राव आईएएस स्टडी सर्किल में हुए इस हादसे में अब तक तीन छात्र-छात्राओं की जान जाने की बात सामने आई है. मृतकों की पहचान श्रेया यादव, तान्या और नवीन के रूप में हुई है। तान्या मूल रूप से अंबेडनगर, तान्या तेलंगाना और नवीन अर्नाकुलम के रहने वाले हैं।

एमसीडी भी करेगी जांच

नगर निगम भी हादसे की जांच करेगी। स्टडी सेंटर करोल बाग जोन में आता है। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि भवन बनाने के दौरान सभी अनुमति ली गईं हैं या नहीं। फिलहाल, करोल बाग जोन के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही पता चलोगा कि भवन बनाने के दौरान बेसमेंट की अनुमति थी या नहीं। इसके अलावा यह भी देखा जाएगा की बेसमेंट में पुस्तकालय चलाने के लिए उपयुक्त सुरक्षा व्यवस्था थी या नहीं।

आज गांव हरौला में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनते मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप के साथ जयप्रकाश प्रजापति जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, विनीत प्रजापति जिला सोशल मीडिया प्रभारी, देव प्रजापति, रिषभ प्रजापति, जयपाल प्रजापति, गोपाल प्रजापति आदि।

भाजपा की अंदरूनी रार पर मायावती ने कसा तंज

लखनऊ (चेतना मंच)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा की अंदरूनी रार पर तंज कसते हुए कहा कि मानसून सत्र में इसे हावी नहीं होना चाहिए। विधानमंडल का सत्र शुरू होने से पहले उन्होंने बाढ़, अतिक्रमण, बढ़ती महंगाई और लचर कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार की घेराबंदी की। आज एक्स पर जारी अपने बयान में बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें सरकार अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। हालांकि यह सत्र भी संक्षिप्त ही होगा। भाजपा में जारी घमासान व इनकी अंदरूनी लड़ाई सदन में भी हावी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जनता व प्रदेश के हित में कार्य हों, तो बेहतर होगा। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि प्रदेश में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल आवश्यकता है। बाढ़ पीड़ितों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया चिंताजनक है।

सलेमपुर गुर्जर में 1.45 करोड़ की संपत्ति कराई कब्जा मुक्त

नोएडा (चेतना मंच)। डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में ग्राम सभा की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के उद्देश्य से उप जिला अधिकारीगण राजस्व टीम के साथ अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं।

उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ ग्राम सभा सलेमपुर गुर्जर में कुम्हार गड्ढा खसरा नंबर 105 रकबा 0.0890 हे0 व खसरा संख्या 104 न0प0 व खसरा संख्या 316 रकबा 0.1580 हे0 कुल रकबा 0.2900 हे0 भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 01 करोड़ 45 लख रुपए से अधिक है। इस दौरान उप जिलाधिकारी के साथ तहसीलदार डॉक्टर अजय कुमार एवं नायब तहसीलदार रामकृष्ण त्रिवेदी, क्षेत्रीय लेखपाल नीरज लता तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में आगे भी इसी प्रकार से अभियान चलाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

केयरिंग एसोसिएशन ने आयोजित किया निःशुल्क जांच शिविर

परोपकारः पुण्याय
SAAHIL AAROGYA BHARAT
FREE MEDICAL CAMP
SERVICE FOR INDIA SINCE 2004

नोएडा (चेतना मंच)। केयरिंग एसोसिएशन इंडिया ने अपने साहिल-आरोग्य भारत पहल के चलते यथार्थ हॉस्पिटल के साथ महामाया बालिका इंटर कॉलेज में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विशेष वहा पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए आयोजित किया गया था जिसमे नेत्र परिक्षण, गयनाकोलोजिस्ट, जनरल फिजिशियन उपलब्ध थे। परिक्षण शिविर में शुगर, रक्त चाप व ईसीजी की सुविधा भी उपलब्ध रहीं। आज के कैंप से 300 से अधिक बालिकाओं को लाभ मिला हैं। संस्था का प्रयास हैं की साहिल आरोग्य भारत अभियान को और व्यापक रूप देतें हुए जहां झुग्गीया हैं उन क्षेत्रों में अधिक से अधिक कैंप संस्था आयोजित करेगी। कैंप में संस्था के नोएडा अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी रजत त्यागी रणधीर, आशीष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दो अगस्त को सभी स्कूल-कॉलेज, दफ्तर रहेंगे बंद

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में 2 अगस्त को स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सावन मास की शिवरात्रि जलाभिषेक के तीन अगस्त के अवकाश को निरस्त करते हुए दो अगस्त शुक्रवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। दो अगस्त को जिले के सभी स्कूल-कॉलेज के साथ सरकारी कार्यालय में अवकाश रहेगा।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में ज्ञापन जारी किया है। हालांकि इस दौरान ट्रैफिक को लेकर निर्देश पुराना ही जारी रहेगा। कांवड़ यात्रा के गुजरने के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात को रोककर कांवड़ियों को रास्ते दिखाने का काम करेंगे। लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001, वाट्सएप नंबर 7065100100 व ट्विटर हैंडल @noidatraffic से संपर्क कर सकते हैं।

कांवड़ियों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन

- दिल्ली-बदरपुर बार्डर ओखला बैराज से नोएडा होकर बाया गाजियाबाद होकर बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- दिल्ली से डीएनडी फ्लाईओवर होकर नोएडा से बाया गाजियाबाद होकर बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- चिल्ला रेड लाइट होकर गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- एमपी-01 मार्ग पर बने एलिवेटेड से होकर गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- एनआईबी, माडल टाउन, छिजारसी, ताज हाइवे से होकर गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहनों को वापस कर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से चलेंगे।
- अलीगढ, बुलन्दशहर, सिकंद्राबाद से दादरी एनएच-91 होकर गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के मालवाहक वाहन ईस्टर्न पेरीफेरल का प्रयोग करेंगे।
- सिकंद्राबाद, कासना से परी चौक होकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के मालवाहक वाहन सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरीफेरल का प्रयोग करेंगे।

25 करोड़ से प्यावली में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दादरी विधायक मास्टर तेजपाल सिंह नागर ने बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान तेजपाल नागर ने जिले के विकास और बच्चों की शिक्षा का मुद्दा उठाया था। अब ग्रेटर नोएडा वालों के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है। प्यावली गांव में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल का निर्माण 25 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस पहल के तहत क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के बच्चों को आधुनिक और बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

वर्तमान में क्षेत्र में कोई इंटर कॉलेज नहीं होने के कारण छात्रों को दादरी शहर के लिए 15 से 20 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती थी। इस लंबी दूरी के कारण कई बार अभिभावक विशेषकर लड़कियों की शिक्षा छोड़ने पर मजबूर हो जाते थे, लेकिन अब इस नए विद्यालय के निर्माण से लड़कियों की शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा और उनकी पढ़ाई में सुधार होगा।

जिला प्रशासन ने इस योजना के लिए आवश्यक जमीन का चयन कर शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि वह प्रत्येक जिले में विशेष सुविधाओं से युक्त इंटर कॉलेज स्थापित करके निजी और सरकारी स्कूलों के बीच की खाई को पाटे। यह स्कूल प्रदेश में बदलती शिक्षा व्यवस्था के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में काम करेगा।

इन गांव के बच्चों को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा

इस विद्यालय का लाभ प्यावली के साथ-साथ आकलपुर, ऊंचा अमीरपुर, बिसाहड़ा, चौना, जैतवारपुर, रसूलपुर, ततारपुर, पटारी, नरौली, सीदीपुर और अन्य 23 गांवों के बच्चों को मिलेगा। हापुड़ जनपद के नंगला गांव के बच्चों को भी इस हाईटेक विद्यालय में प्रवेश का लाभ मिलेगा।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की लैब होगी

यह मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय दादरी जनपद का पहला ऐसा विद्यालय होगा। इसे मल्टी-स्टोरी बनाया जाएगा और इसमें प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए लगभग 30 कक्षाएं होंगी। विद्यालय में खेल के मैदान के साथ-साथ रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की लैब्स होंगी। विद्यालय में वाई-फाई, ऑनलाइन सीसीटीवी मॉनिटरिंग, सफाई कर्मचारी, सिक्योरिटी गार्ड्स, मल्टीपर्पज रूम, रेनवाटर कलेक्शन सिस्टम, सोलर पैनल, आरओ वाटर प्लांट, हाथ धोने की जगह और डायनिंग हॉल के साथ मिड-डे मील की सुविधा भी होगी।

सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा
फ़ोन .08750611103
NOIDA FLOWER SHOW

भारत की ओलंपिक उम्मीदें

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 53वें ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया। 'प्रेम की नगरी' में ये खेल 11 अगस्त तक खेले जाएंगे और समन्वय, सौहार्द और स्नेह के असंख्य उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। दुनिया के 206 देशों के 10,714 खिलाड़ी ओलंपिक में शिरकत करेंगे। उनमें से भारत के 117 खिलाड़ी 16 खेलों और 69 इवेंट्स में पदक और राष्ट्र के सम्मान के लिए जूझेंगे। करीब 100 साल पहले 1924 में भी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें पहली बार भारतीय दल ने अधिकृत तौर पर भाग लिया था। भारत की पहली महिला खिलाड़ी ने भी उसी ओलंपिक में हिस्सा लिया था। इतिहास उसी को दोहरा रहा है, लेकिन आज भारत एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। खिलाडियों के हुनर को तराशने और विश्वस्तरीय बनाने के मद्देनजर भारत ने खिलाडियों पर 470 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सबसे ज्यादा 96 करोड़ रुपए एथलेटिक्स पर खर्च किए गए हैं, लिहाजा पदकों की उम्मीदें भी देश कर रहा है। बैडमिंटन में दो बार ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु और 5वीं बार ओलंपिक खेल रहे, 42 वर्षीय, टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी शरथ कमल भारतीय खिलाड़ी दल के ध्वजवाहक बने। यह भी राष्ट्रीय सम्मान है। इस बार सबसे अधिक खिलाडियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है, लिहाजा सबसे अधिक खिलाड़ी भेजे गए हैं। भारतीय दल में कई विश्व चैम्पियन खिलाड़ी हैं–नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), निकहत जरीन (मुक्केबाजी), अंतिम पंघाल (कुश्ती) और मनु भाकर (निशानेबाजी) आदि। कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं–सात्विक चिराग की जोड़ी, लक्ष्य सेन, सिंधु (सभी बैडमिंटन खिलाड़ी), विनेश फोगाट (कुश्ती), मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) और पुरुष हॉकी टीम। काश! शतरंज और क्रिकेट भी ओलंपिक खेलों में शामिल होते, तो उनके खिलाड़ी भी विश्वस्तरीय श्रेणी में गिने जाते! भारत में खेल मंत्रालय का बजट 3442 करोड़ रुपए तय किया गया है। यह देश के जीडीपी का मात्र 0.01 फीसदी से भी कम है। पश्चिम में कई विकसित देश खेलों पर 0.2 फीसदी से 0.6 फीसदी तक खर्च करते हैं। भारत में प्रति नागरिक औसतन 25 रुपए खेल पर खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद भारत की उम्मीद है कि इस बार उसके खिलाड़ी पदकों की दहाई पार करेंगे। 2004 में ब्राजील ने 10 पदक जीत कर अपना लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते थे। देश के लिए वह महान उपलब्धि थी, क्योंकि अधिकतर खेल मुकाबलों में भारत पदकहीन ही रहता आया है। इस बार एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी आदि खेलों में पदकीय जीत की उम्मीदें कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन खेलों के खिलाडियों ने विश्व चैम्पियन टीमों और खिलाडियों को भी मात दी है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि टोक्यो ओलंपिक में हॉकी की जिस महिला टीम ने चौथा स्थान हासिल किया था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई। यह खेल और प्रशिक्षण के हरेक स्तर की अयोग्यता है। भारोत्तोलन में कोई भी पुरुष खिलाड़ी ओलंपिक का पात्र नहीं समझा गया। महिला वर्ग में भी मीराबाई चानू अकेली ही दायित्व उठा रही है। उनके बाद कोई भी दूसरी महिला खिलाड़ी ओलंपिक के स्तर की नहीं है। जिम्नास्टिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व शून्य है। तलवारबाजी में भवानी देवी का कोई भी उत्तराधिकारी नहीं है और पुरुष पहलवान भी एक रह गया है। यदि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं, तो इन खेलों पर भी चिंतन-मनन करना पड़ेगा, जिनका ओलंपिक स्तर का एक भी खिलाड़ी 143 करोड़ की आबादी वाले देश में नहीं है। आज निशानेबाजी में 21 खिलाडियों ने ओलंपिक की पात्रता हासिल की है। तीरंदाजी में भारत की पुरुष और महिला टीमें सीधा क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। बेशक यह महत्वपूर्ण जीत है, लेकिन लक्ष्य अभी दूर है। सरकार को खेलों की विपन्नता वाले क्षेत्रों में प्रयास करने चाहिए। कई खेल ऐसे हैं, जो भारत में पारंपरिक नहीं रहे, ठोस विरासत भी नहीं है, लेकिन खिलाड़ी विश्वस्तरीय पैदा हो रहे हैं।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वे (श्री रामजी) मेरी (बिगड़ी) सब तरह से सुधार लेंगे, जिनकी कृपा कृपा करने से नहीं अघाती। राम से उत्तम स्वामी और मुझ सरीखा बुरा सेवक! इतने पर भी उन दयानिधि ने अपनी ओर देखकर मेरा पालन किया है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

लोकहुँ बेद सुसाहिब रीती। बिनय सुनत पहिचानत प्रीती॥
गनी गरीब ग्राम नर नागर। पंडित मूढ़ मलीन उजागर॥

लोक और वेद में भी अच्छे स्वामी की यही रीति प्रसिद्ध है कि वह विनय सुनते ही प्रेम को पहचान लेता है। अमीर-गरीब, गँवार-नगर निवासी, पण्डित-मूर्ख, बदनाम-यशस्वी॥

सुकबि कुकबि निज मति अनुहारी। नृपहि सराहत सब नर नारी॥
साधु सुजान सुसील नृपाला। ईस अंस भव परम कृपाला॥

सुकवि-कुकवि, सभी नर-नारी अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार राजा की सराहना करते हैं और साधु, बुद्धिमान, सुशील, ईश्वर के अंश से उत्पन्न कृपालु राजा- ॥

सुनि सनमानहिं सबहि सुबानी। भनिति भगति नति गति पहिचानी॥
यह प्राकृत महिपाल सुभाऊ। जान सिरोमनि कोसलराऊ॥

सबकी सुनकर और उनकी वाणी, भक्ति, विनय और चाल को पहचानकर सुंदर (मीठी) वाणी से सबका यथायोग्य सम्मान करते हैं। यह स्वभाव तो संसारी राजाओं का है, कोसलनाथ श्री रामचन्द्रजी तो चतुरशिरोमणि हैं॥

(क्रमशः..)

माइक बंद करने का आरोप लगाने वाले विपक्षी नेता दूसरों के बोलने का अवसर क्यों छीनना चाहते हैं?

नीति आयोग की बैठक का विपक्ष शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों ने बहिष्कार किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक का बहिष्कार तो नहीं किया लेकिन इसमें शामिल होने से पहले ही उन्होंने यह ऐलान कर दिया था कि वह विरोध जताकर आयेंगी। ऐसा उन्होंने किया भी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक के दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। देखा जाये तो विपक्ष के नेता आजकल माइक बंद करने का आरोप धड़ल्ले से लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें समझना होगा कि संसद की कार्यवाही हो या अन्य कोई सरकारी बैठक, उसमें भाग लेने वालों के लिए कुछ नियम हैं। सबके लिए समय आवंटित करने और कौन कितना समय बोलेगा इसका निर्धारण करने के लिए भी पहले से नियम बने हुए हैं। यदि कोई निर्धारित अवधि से ज्यादा समय बोलेगा तो जाहिर है कि यह दूसरों के अधिकारों का हनन होगा।

देखा जाये तो नीति आयोग की बैठक को लेकर ममता बनर्जी भले कुछ भी आरोप लगायें, मगर सच यह है कि उनके आग्रह पर उन्हें उनके निर्धारित समय से पहले ही बोलने का अवसर दिया गया। उनके भाषण का समय खत्म होने का इशारा घड़ी ने किया और भाषण खत्म करने का संकेत देने वाली बेल भी उनके लिए नहीं बजायी गयी।

इसके अलावा, जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी। केंद्र पर अपने राज्य से भेदभाव का आरोप लगाने वाले मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि उनकी किन मांगों को अनसुना कर दिया गया? इन मुख्यमंत्रियों को यह भी बताना चाहिए कि अपने राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने क्या-क्या कदम उठाये और उनका क्या परिणाम रहा?

वैसे, ममता बनर्जी ने बैठक से बीच में ही बाहर आकर जो आरोप लगाये हैं उससे यह भी प्रदर्शित होता है कि यह सब इंडिया गठबंधन के नेताओं की सोची समझी रणनीति के तहत उठाया गया कदम था।

जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के साथ भेदभाव करने का केंद्र पर आरोप लगा रहे हैं यदि वह यूपीए और एनडीए शासन के दौरान अपने राज्य को मिली केंद्रीय मदद पर एक श्वेतपत्र ले आयें तो हकीकत उन्हें भी पता चल जायेगी और सारी स्थिति जनता के समक्ष भी आ जायेगी।

दरअसल विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने जब नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार का निर्णय किया था तब उन राज्यों में विपक्ष और जनता ने सवाल उठाया था कि जब प्रधानमंत्री के समक्ष अपने राज्य की मांगों को सीधा रखने का अवसर मिला है तो उसका लाभ क्यों नहीं उठाया जा रहा? ऐसे में इंडिया गठबंधन में शामिल मुख्यमंत्रियों ने अपने प्रदेश की जनता की नजरों में नीति आयोग की बैठक के बहिष्कार के निर्णय को सही ठहराने के लिए ममता बनर्जी को भेजा। ममता बनर्जी से गलती सिर्फ इतनी हो गयी कि उन्होंने पहले ही कह दिया था कि वह बैठक में विरोध जताएंगी। इसलिए जब वह बाहर आकर केंद्र सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहीं हैं तो किसी को यकीन नहीं हो रहा। वैसे रणनीति के मुताबिक, विपक्ष ने पहले ही तैयारी कर रखी थी कि ममता बनर्जी के अपमान का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा किया जायेगा। इसलिए संसद के वर्तमान सत्र के दौरान विपक्ष का और उग्र रूप देखने को मिल सकता है।

बहरहाल, यह साफ प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनावों में जनता ने विपक्ष को जो ताकत दी है उसका वह सदुपयोग नहीं कर पा रहा है। सिर्फ हंगामे की राजनीति और सरकार को अपनी ताकत दिखाने का खेल चल रहा है। हो सकता है कि कुछ लोग इस सबको पसंद कर रहे हों लेकिन इस तरह की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चला करती। सरकार को काम करने से रोकना और सरकार के फैसलों के बारे में भ्रम का माहौल बनाना स्वस्थ राजनीति नहीं है। साथ ही अपनी कमियों तथा नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ना राजनीतिज्ञों को भले राजनीतिक रूप से तात्कालिक लाभ दे जाये मगर यह उनके राज्य के हित में कतई नहीं है।

–नीरज कुमार दुबे

पौधों को जिंदा रखने के लिए करना होगा काम

हमारे प्यारे महान देश भारत में बरसात का सीजन चल रहा है, बारिश के इस सीजन में केंद्र व हर राज्य की सरकार बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने का अभियान पिछले कई वर्षों से हर वर्ष चलाती आ रही है। इस दौरान देश में हर वर्ष अरबों पौधों का रोपण करके कीर्तिमान बनाया जाता रहता है। इस वर्ष भी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' के साथ जीवन बचाने के लिए एक बेहद ही महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पेड़ लगाओं पेड़ बचाओं अभियान 2024' की जबरदस्त शुरुआत करते हुए एक दिन में ही 36.50 करोड़ पौधे लगाकर के फिर से एक नया कीर्तिमान बनाते हुए प्रदेश व देश के आम जनमानस को एक बड़ा सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है। उन्होंने बड़ी संख्या में पौधारोपण करके लोगों को समय रहते पेड़ों की अहमियत समझाने के लिए बहुत ही शानदार काम किया है।

धरती के श्रृंगार की उसी कड़ी में इस वर्ष भी देश के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण हो रहा। पौधारोपण की इस बेहद जबरदस्त होड़ में अलग-अलग राज्यों में नित-नए रिकॉर्ड बनाते जा रहे। लेकिन शायद ही कोई विभाग यह विचार करने के लिए तैयार है कि तेज धूप, सूखी जमीन में पौधारोपण के सरकारी लक्ष्य को दशकों से पूरा तो किया जा रहा है, लेकिन शायद ही कभी इन पौधारोपण करने वाले विभागों और लोगों ने पीछे मुड़कर के यह देखा हो कि उनके द्वारा लगायें गये पौधों का धरातल पर क्या हाल है। क्योंकि अगर चौथाई पौधे भी जिंदा रहते तो अब तक तो भारत की भूमि पर पिछले कुछ दशकों में इतना पौधारोपण है चुका है कि देश में खाली जगहों पर घना वन तैयार हो चुका होता। जो दूर-दूर तक कहीं भी नज़र नहीं आता है। उसके उल्टा विकास की अंधी दौड़ में देश में घर, घेर, खेत, खलिहान, चक रोड़, छोटी बड़ी सड़कों, बंबों व नहर की पटरियों से पेड़ तेजी से गायब होते जा रहे हैं। अगर हम लोगों को अपनी आंखों से इसकी एक बानगी देखनी हो तो उत्तराखंड के हरिद्वार से निकली सैंकड़ों किलोमीटर लंबी गंगनहर के दोनों किनारों पर दशकों पुराने विशाल वृक्षों को कटते हुए देख सकते हैं।

लेकिन जिस तरह से वर्ष दर वर्ष भीषण गर्मी अपना प्रचंड रूप हम सभी को दिखाती जा रही है, हम सभी को समय रहते यह समझना होगा कि जिस प्रकार से हमारे शरीर को पोषण के लिए पर्याप्त मात्र में संतुलित भोजन की बेहद आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार से धरती की जैव विविधता व प्राकृतिक संरचना को बचाने के लिए और पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए धरा के श्रंगार के रूप में पर्याप्त मात्र में पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। हम सभी को समय रहते समझना होगा कि हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी सांसों का बंदोबस्त पेड़ ही करते हैं, पेड़ लंबे समय तक ऑक्सीजन प्रदान करके, वायु की गुणवत्ता में सुधार करके धरा का वातावरण हमारे जीवन के अनुकूल बनाने का काम करते हैं। पेड़ ही जलवायु में सुधार करके जलवायु परिवर्तन की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का कार्य करते हैं। हर पेड़ अपने जीवन चक्र में धरा के प्रत्येक जीव-जंतु के लिए शुद्ध प्राण वायु के बंदोबस्त करने के साथ-साथ जीवन के लिए धरा पर जल संरक्षण करने में बेहद कारगर भूमिका निभाते हैं, पेड़ नदी, झरनों व विभिन्न प्रकार के जलस्रोतों के रक्षक होते हैं। बरसात व बाढ़ में मैदान व पहाड़ में मिट्टी के कटाव को रोकने का कार्य करते हैं, पेड़ मिट्टी को संरक्षित करने का कारगर प्राकृतिक माध्यम होते हैं और अपनी छांव में इस अद्भुत धरा पर नित-नए जीवन को उत्पन्न होने का अवसर देने का कार्य करते हैं। इसलिए देश के सिस्टम व हम सभी लोगों को यह समझना होगा कि मात्र पौधारोपण करके अपने कार्य को पूरा नहीं माने, बल्कि पौधों की देखभाल करके उन्हें जिंदा रखने का कार्य करें, तब ही देश में एकबार फिर से धरा का अद्भुत आलौकिक दिव्य श्रंगार होगा, लोगों को प्रचंड गर्मी, वायु प्रदूषण आदि से राहत मिलेगी और धरा पर अनमोल जैव विविधता को निरंतर पनपने का माहौल मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पेड़ लगाओं पेड़ बचाओं अभियान 2024' की जबरदस्त शुरुआत करते हुए एक दिन में ही 36.50 करोड़ पौधे लगाकर के फिर से एक नया कीर्तिमान बनाते हुए प्रदेश व देश के आम जनमानस को एक बड़ा सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया है।

– दीपक कुमार त्यागी
अधिवक्ता, स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक

राशिफल

श्रावण कृष्ण पक्ष : अष्टमी

(विक्रम संवत् 2081)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
स्वास्थ्य की स्थिति पहले से बेहतर होगी। धन का आवक बढ़ेगा। प्रेम की स्थिति सुदृढ़ होगी।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
चली आ रही परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापार भी बहुत अच्छा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा। प्रेम संतान ठीक रहेगा, व्यापार भी अच्छा है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
रुका हुआ धन वापस आएगा। आय के नवीन साधन बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। आय में सुधार होगा।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान अच्छा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
यात्रा में लाभ होगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
महत्वपूर्ण कार्य दोपहर से पहले निपटा लें, इसके बाद समय खराब हो जाएगा। चोट-चपेट लग सकती है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है। लेकिन थोड़ी परेशानी बनी रहेगी।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
भावुकता पर काबू रखें। स्वास्थ्य करीब-करीब ठीक है। प्रेम संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी लेकिन खराब नहीं रहेगी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। प्रेम कलह के संकेत हैं लेकिन कुछ अच्छा माहौल भी रहेगा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान का साथ।

अधिकारी की कृपा से बन रही है अवैध इमारत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी जहां एक तरफ अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के अभियान में जुटे हैं। वहीं स्थानीय अधिकारी की मिलीभगत से वर्क सर्किल-3 में स्थित हलदौनी गांव के बराबर पेट्रोल पंप के बगल में अवैध इमारत का निर्माण हो रहा है।

बताया जाता है कि हलदौनी गांव में स्थित पेट्रोल पंप के ठीक बगल में कुछ भूमाफिया प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे हैं।

यही नहीं वहां आसपास कई और मकान अब तक बन गए हैं और वहां से एक मोटी रकम किराए के रूप में लोगों से वसूला भी जा रही है। जबकि इस संबंध में वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर शीर्ष कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्रीय बजट पर संगोष्ठी का अयोजन

नोएडा(चेतना मंच)। जिला कार्यलय पर बजट 2024 पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में एमएलसी और प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुभाष यदुवंशी रहे। उनके साथ सांसद डॉ. महेश शर्मा, महिला आयोग की अध्यक्षा बिमला बाथम, क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता भी रहे।

सुभाष यदुवंशी ने बजट पर कहा की इस बजट में देश के हर प्रदेश की बात हुई है साथ ही कई बड़े ऐलान हुए हैं। इसके साथ ही युवा, किसान, महिलाओं और गरीबों के लिए भी मोदी सरकार कई सारी बड़ी योजनाएं लेकर आई हैं। इस बजट में मातृ शक्ति के आगे बढ़ने की छाप है, कृषि विकास का आधार भी है। नौजवानों को आगे बढ़ने के लिए खुला आसमान है, गरीबों के चेहरे पर लाने वाली मुस्कान भी है। यह रोजगार के सृजन के प्रति समर्पित बजट है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम शुरू करने का निर्णय सराहनीय है। 63,000 आदिवासी गांव इसमें कवर किए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी इस बजट पर अपने विचार रखते हुए कहा की वित्त मंत्री ने अपने 7वें केंद्रीय बजट भाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष के बजट में नौ प्राथमिकताओं पर निरंतर प्रयासों की परिकल्पना की गई है- कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, अगली पीढ़ी के सुधार पर कार्य होगा। इस संगोष्ठी में उमेश त्यागी, गिरजा सिंह, गिरीश कोटनाला, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, डिंपल आनंद, चमन अवाना, एस पी चमोली, प्रमोद बहल, उमेश यादव, प्रदीप चौहान, पंकज झा, कल्लू सिंह, गोपाल गौर, अमरीश त्यागी, शारदा चतुर्वेदी, शिवानी शारदा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

ईएसआईसी अस्पताल में श्रमिकों को उपचार में हो रही परेशानी: एनईए

नोएडा (चेतना मंच)। उद्यमियों की संस्था नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) और ईएसआईसी मॉडल अस्पताल के डायरेक्टर (मेडिकल) के साथ सेक्टर-24 स्थित कार्यालय में अस्पताल से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान एनईए महासचिव वीके सेठ तथा कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन ने उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को ईएसआईसी अस्पताल तथा डिस्पेंसरियों में आ रही विभिन्न समस्याओं से डायरेक्टर (मेडिकल) को अवगत कराते हुए कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्केन और आपरेशन करने के लिए लंबा समय दिया जाता है। श्रमिकों को डॉक्टर से परामर्श लेने व दवाई लेने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। जब कोई मरीज अस्पताल में ईलाज के लिए अगले दिन जाता है उसे पुन: पर्ची में तिथि लिखवाने को लाईन में लगना पड़ता है। अस्पताल में व्हील चेयर, वाटर कूलर व आदि का अभाव बना हुआ है।

उक्त सभी समस्याओं को सुनने के बाद डायरेक्टर (मेडिकल) डा सुनीता माथुर ने कहा कि आपातकाल में सर्जरी करने के लिए 2 दिन रिजर्व रख दिये गये हैं। श्रमिकों को उपचार के लिए लाईन में खड़ा न होना पड़े, उसके लिए एप बनाया गया है, जिससे मरीज रजिस्ट्रेशन कर सीधे अपना उपचार करवा सकता है। दवाईयां वितरण के लिए 2 अतिरिक्त खिडकियां खोल दी गई है। वाटर कूलर, व्हील चेयर आदि की कमी का अवलोकन करवाकर शीघ्र ही आवश्यक सामग्री मंगवा दी जाएगी। वहीं अतिरिक्त डिस्पेंसरी खोलने के लिए प्राधिकरण से जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। स्थान उपलब्ध होने पर अतिरिक्त डिस्पेंसरी खोल दी जाएगी। बैठक के दौरान वीके सेठ, शरद चन्द्र जैन, वी. राम कुमार, मौ. असफाक, प्रदीप अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहें।

श्रम बंधु की बैठक में श्रमिकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

:: मुख्य अतिथि ::
माननीय मनीष कुमार वर्मा, IAS
जिलाधिकारी
गौतमबुद्ध नगर

नोएडा (चेतना मंच)। जिला श्रम बंधु की बैठक जिला कलेक्ट सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

बैठक में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नाहटा ने ईएसआई अस्पताल में व्याप्त अनियमिताओं और श्रमिकों को उचित इलाज न मिलने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वहीं सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने श्रमिकों की शिकायतों के समाधान में हो रही देरी से न्याय मिलने में हो रही दिक्कतों, जिन श्रमिकों के मुकदमें की सुनवाई के बाद रिकवरी जारी हो चुकी है लेकिन उक्त की वसूली में हो रही देरी पर आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही श्रम कानूनों को सख्ती से लागू करवाने पर जोर दिया। ईएसआई अस्पताल में व्याप्त अनियमिताओं और श्रमिकों को उचित इलाज नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से बैठक में उठाया गया।

बैठक में जिला प्रशासन की ओर से एडीएम एफ आर अतुल, अपर श्रम आयुक्त सरजू राम, सहायक श्रमायुक्त सुभाष चंद यादव ने श्रम बंधुओं को आश्वासन दिया की बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर उचित कार्रवाई कर समाधान किया जाएगा। बैठक में एमएसएमई नोएडा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नाहटा, सीटू जिला महासचिव रामसागर, सचिव राम स्वारथ, नरेंद्र पांडे, जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, एचएमएस नेता आरपी सिंह चैहान, एटक नेता मोहम्मद नईम, एक्टू नेता अमर सिंह, बीएमएस नेता सुरेंद्र प्रजापति सहित अन्य शामिल हुए।

दादरी-मारीपत रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक 31 तक रहेगा बंद

दादरी (चेतना मंच)। उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बताया कि दादरी-मारीपत रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक संख्या 148/एसपीएल पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप 31 जुलाई 2024 शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों को जानकारी दी है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक सड़क यातायात बंद होने की अवधि के दौरान दादरी स्टेशन के पास आरओबी का उपयोग कर सकते हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

शॉर्ट-सर्किट के चलते आईजीएल की पाइपलाइन में लगी आग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एवेन्यू 14 सोसायटी में सुबह आईजीएल (इंद्रपस्थ गैस लिमिटेड) की पाइपलाइन में आग लग गई। ओपन पार्किंग परिसर में खड़े वाहनों को एहतियातन सबसे पहले हटाया गया। दमकल को सूचना दी गई।

दमकल के पहुंचने से पहले ही मेंटेनेंस टीम में आग पर काबू कर लिया था। गौर सिटी दो की एवेन्यू 14 के पड़ोस की सोसायटी पाम ओलंपिया में निर्माण कर चल रहा है। निर्माण कार्य व इलेक्ट्रिक पैनल में शॉर्ट-सर्किट के चलते एवेन्यू 14 में आईजीएल की आपूर्ति लाइन में आग लग गई।

मेंटेनेस टीम ने समय रहते आग पर काबू रहते हुए बुझा दिया। दमकल के पहुंचने से पहले आग बुझ चुकी थी। सोसायटी में आईजीएल की आपूर्ति मरम्मत कार्य के लिए बंद कर दी गई है। मरम्मत में करीब एक घंटे का समय लगेगा इसके बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

दो अगस्त को सभी स्कूल-कॉलेज और दफ्तर रहेंगे बंद

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में 2 अगस्त को स्थानीय अवकाश की घोषणा की गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सावन मास की शिवरात्रि जलाभिषेक के तीन अगस्त के अवकाश को निरस्त करते हुए दो अगस्त शुक्रवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। दो अगस्त को जिले के सभी स्कूल-कॉलेज के साथ सरकारी कार्यालय में अवकाश रहेगा।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में ज्ञापन जारी किया है। हालांकि इस दौरान ट्रैफिक को लेकर निर्देश पुराना ही जारी रहेगा। कांवड़ यात्रा के गुजरने के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी यातायात को रोककर कांवड़ियों को रास्ते दिखाने का काम करेंगे। लोग हेल्पलाइन नंबर 9971009001, वाट्सएप नंबर 7065100100 व ट्विटर हैंडल @ noidatraffic से संपर्क कर सकते हैं।

कांवड़ियों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन

- दिल्ली-बदरपुर बार्डर ओखला बैराज से नोएडा होकर बाया गाजियाबाद होकर बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- दिल्ली से डीएनडी फ्लाईओवर होकर नोएडा से बाया गाजियाबाद होकर बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- चिल्ला रेड लाइट होकर गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- एमपी-01 मार्ग पर बने एलिवेटेड से होकर गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहन नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे का प्रयोग करेंगे।
- एनआईबी, माडल टाउन, छिजारसी, ताज हाइवे से होकर गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के वाहनों को वापस कर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से चलेंगे।
- अलीगढ, बुलन्दशहर, सिकंद्राबाद से दादरी एनएच-91 होकर गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के मालवाहक वाहन ईस्टर्न पेरीफेरल का प्रयोग करेंगे।
- सिकंद्राबाद, कासना से परी चौक होकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी, मध्यम व हल्के मालवाहक वाहन सिरसा गोलचक्कर से ईस्टर्न पेरीफेरल का प्रयोग करेंगे।

CALIPH EXIM PVT. LTD.
Concept to reality
•ARCHITECTURE •CONSTRUCTION
•INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN
DREAMS !
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

पूर्वोत्तर रेलवे
Email: dycmmgkpd@gmail.com
Website:www.ner.indianrailways.gov.in
& www.tenders.gov.in
निविदा सूचना सं० 07 दिनांक- 25.07.24
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in पर देखा जा सकता है। **क्र०सं० 1,** निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि- 10247740 Dt. 19.08.24, मद का संक्षिप्त विवरण: वन कोच सेट ऑफ एस एस आर एम् पी यू ट्राफ़ असेम्बली फॉर LHB इत्यादि। मात्रा: 35 Set, अर्नेस्ट मनी (रूपया) : 78880/- **क्र०सं० 2,** निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि- 10245100A Dt. 20.08.24, मद का संक्षिप्त विवरण : सप्लाई, इंस्टालेशन & कमिशनिंग ऑफ प्रेसराइजड फलशिंग सिस्टम इत्यादि। मात्रा : 1800 Set, अर्नेस्ट मनी (रूपया) : 1103260/- **क्र०सं० 3,** निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि- 10238307A Dt. 08.08.24, मद का संक्षिप्त विवरण : प्राइमरी पेंटिंग प्लांट फॉर रेल कोच स्प्रिंग इत्यादि। मात्रा : 01 No., अर्नेस्ट मनी (रूपया) : 778000/-

01. उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट http//www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है वे ई-टेण्डर में सम्मिलित हो सकते है। जो प्रतिष्ठान क्लास 3 डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये है वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते है। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **02.** आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर, विज्ञापित निविदाएं एवं सभी बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही है, जो भी प्रतिष्ठान उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हो एवं भाग लेना चाहते हो, उन्हें आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/New Delhi में पंजीकृत कराना होगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाईट http/www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। **03.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **04.** एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844517 तथा बयाना धनराशि का 00084506 है। **05.** उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा प्रकाशित ई० निविदाओं का टेन्डर काष्ट तथा ईएमडी का भुगतान ऑन-लाइन IREPS Portal पर ही मान्य होगा जो दिनांक 01/09/2016 से या उनके बाद प्रकाशित निविदाओं पर प्रभावी होगा। यह Global Tender पर प्रभावी नहीं होगा।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो
मुजाधि/एस - 45 पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक
रामपाल सिंह रघुवंशी
ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9,
सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर
(यू पी.) से छपवाकर,
ए-131 सेक्टर-83,
नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

साल 2022-23 में 10 में से 7 लोग इंट्राडे ट्रेडिंग में नुकसान में रहे

- इंट्राडे ट्रेडिंग शेयर खरीदने-बेचने वालों की संख्या में भी बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई

नई दिल्ली ।

सेबी के एक अध्ययन में बताया गया कि साल 2022-23 में 10 में से 7 लोगों ने इक्विटी कैश सेगमेंट में इंट्राडे ट्रेडिंग से नुकसान उठाया। वहीं इसी दौरान इंट्राडे ट्रेडिंग शेयर खरीदने-बेचने वाले लोगों की संख्या में भी बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई है। साल 2018-19 के मुकाबले ये संख्या तीन गुनी से ज़्यादा हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों को शेयर बाजार में नुकसान हो रहा है वे ज़्यादा कारोबार कर रहे हैं। इसके अलावा 30 साल से कम उम्र के युवाओं की संख्या भी शेयर बाज़ार में तेज़ी से बढ़ रही है। शेयर बाज़ार का नियमन करने वाली संस्था सेबी ने यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की। इसमें साल 2018-19, 2021-22 और 2022-23 के आंकड़ों का अध्ययन किया गया है। इसमें कोरोना काल भी शामिल है। इस रिपोर्ट के लिए देश के टॉप 10 ब्रोकरेज हाउस के ग्राहकों के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। इन 10 ब्रोकरेज हाउस के पास देश के कुल शेयर बाज़ार ग्राहकों का लगभग 86 फीसदी हिस्सा है।

इस रिपोर्ट को कई जानकारों ने देखा और सुझाव दिए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हर तीन में से एक व्यक्ति शेयर बाज़ार में इंट्राडे ट्रेडिंग करता है। इसके अलावा, इस तरह के ट्रेड में 30 साल से कम उम्र के युवाओं की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। साल 2018-19 में ये संख्या 18 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 48 फीसदी हो गई है। अगर कोई व्यक्ति बहुत ज़्यादा कारोबार करता है तो उसके नुकसान होने की संभावना और भी बढ़ जाती है। ऐसे लोगों में से 80 फीसदी लोग घाटे में रहे हैं। साल 2022-23 में नुकसान उठाने वाले लोगों ने अपने नुकसान का 57 फीसदी हिस्सा कारोबार के खर्चों में लगाया, जबकि मुनाफा कमाने वालों ने अपने मुनाफे का सिर्फ 19 फीसदी हिस्सा खर्च किया। इसके अलावा कम उम्र के लोगों में नुकसान उठाने वालों की संख्या ज़्यादा है।

बजट के बाद कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत घटी

नई दिल्ली ।

केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के बजट पेश होने के बाद कई चीजों के दाम में बदलाव देखने को मिला है। वहीं बजट के बाद कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हुए हैं। हालांकि कीमतों में बदलाव आंशिक है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश और बिहार में पेट्रोल-डीजल के दाम में कमी आई है तो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में आज पेट्रोल और डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि महाराष्ट्र में कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 103.44 रुपये और डीजल की कीमत 89.97 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.95 रुपये और डीजल की कीमत 91.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल की कीमत 92.34 रुपए प्रति लीटर है। बिहार में पेट्रोल 3 पैसे घटकर 107.09 रुपए प्रति लीटर और डीजल 3 पैसे घटकर 93.81 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 10 पैसे घटकर 94.39 रुपए प्रति लीटर और डीजल 11 पैसे घटकर 87.44 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। यहां पेट्रोल 1 रुपए 22 पैसे बढ़कर 105.09 रुपये प्रति लीटर और डीजल 1 रुपए 17 पैसे घटकर 91.59 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

रियलमी की 13 प्रो सीरीज 5जी जल्द होगी पेश

-कई खूबियों से भरपूर है यह स्मार्टफोन

नई दिल्ली ।

अपने 13 प्रो सीरीज 5जी के अपकमिंग लॉन्च के साथ, रियलमी एक्सीलेंस की गारंटी दे रहा है। ब्रांड का प्राइमरी फोकस सभी सेगमेंट में अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार करना है। 13 प्रो सीरीज 5जी के साथ, रियलमी का लक्ष्य न केवल प्रभावशाली जानकारी देना है, बल्कि क्वालिटी की नींव पर निर्मित प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस प्रदान करना है, जो खास तौर से मिड-हाई सेगमेंट में कस्टमर्स की जरूरतों और डिमांड को पूरा करता है। बेहतर क्वालिटी वाले स्मार्टफोन और बेहतर एक्सपीरियंस प्रदान कर रियलमी का लक्ष्य मिड-हाई स्मार्टफोन मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रियलमी एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता है जहां बैटरी की परेशानी न हो, एक ऐसा भविष्य जो ज्यादा कैपेसिटी, स्मार्ट पावर मैनेजमेंट और ऐसी टेक्नोलॉजी से संचालित हो जो आपके लाइफ के साथ चलती रहे। यह केवल परफॉर्मेंस के बारे में नहीं है, यह मजबूती के बारे में है। रियलमी ऐसे डिवाइस बनाने का प्रयास करता है, जो टिकाऊ और पावरफुल हो, जो डेली लाइफ की परेशानियों को आसानी से हल कर सके। कल्पना कीजिए कि आप अचानक बारिश में फंस गए, आपका फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन, अपनी आईपी65 प्लस रेटिंग के साथ, बारिश को ऐसे झेल जाएगा जैसे कुछ भी नहीं हुआ हो। फ्यूचर रियलमी स्मार्टफोन पानी में गिरने के बाद भी पूरी तरह से काम करते रहेंगे। 13 प्रो सीरीज 5जी इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो यूजर्स के फोन गिरने और खरोंच की स्थिति में बचाव करते हुए प्रतिष्ठित एसजीएस फाइव-स्टार फॉल सर्टिफिकेशन का दावा करता है। रियलमी अपने सेल्स सर्विस को अगले लेवल पर ले जा रहा है। 13 प्रो सीरीज 5जी के साथ, रियलमी ने 30-दिन की रिप्लेसमेंट गारंटी पेश की है। रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी 30 जुलाई को लॉन्च होगा, जो ब्रांड की जर्नी में एक नया चैप्टर जोड़ेगा और मिड-हाई स्मार्टफोन मार्केट में क्वालिटी के लिए एक नया स्टैंडर्ड स्थापित करेगा। बता दें कि शुरू के दिनों में जब स्मार्टफोन आए थे तब उनकी टेक्नोलॉजी वैसी नहीं थी जो अब है। पहले ब्लर फोटो और सुस्त परफॉर्मेंस से लेकर कमजोर स्क्रीन और शॉर्ट बैटरी लाइफ आम बात होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

सोना 500 रुपए बढ़कर 67,850, चांदी 81,400 रुपए

नई दिल्ली ।

सोने-चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को सुधार देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 67,850 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 528 रुपये की तेजी के साथ 67,990 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 387 रुपये की तेजी के साथ 67,849 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 331 रुपये की तेजी के साथ 81,662 रुपये पर खुला। इस समय यह 69 रुपये की तेजी के साथ 81,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,363.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,353.50 डॉलर प्रति औंस था। फिलहाल यह 18.80 डॉलर की तेजी के साथ 2,372.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.99 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 27.97 था। फिलहाल यह 0.04 डॉलर की तेजी के साथ 28.01 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

1855 करोड़ रुपये जुटाने आईपीओ ला रही ये दवा कंपनी

मुंबई ।

अनुबंध मैन्यूफैक्चरिंग के द्वारा दवा बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड। दिल्ली की कंपनी ने इनीशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के द्वारा प्राथमिक बाजार से 1855 करोड़ रुपये जुटाने की कवायद शुरू की है। इसके लिए बोली लगाने की प्रक्रिया आगामी 30 जुलाई को शुरू होगी। इसमें निवेशक आगामी एक अगस्त तक बोली लगा सकते है। कंपनी ने इसके लिए दो रुपये के शेयर का मूल्य दायरा 646 रुपये से 679 रुपये के बीच तय किया है। एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स के प्रोमोटर संजीव और संदीप जैन हैं। इस आईपीओ के द्वारा कंपनी 1866 करोड़ रुपये जुटाने वाली है। इसमें 680 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू होगा जबकि इसके वर्तमान शेयरहोल्डर्स और प्रोमोटर्स ऑफर फोर सेल के जरिये 1.73 करोड़ शेयर बेच रहे है। यदि प्राइस बैंड के अपर प्राइस के हिसाब से गणना की जाए, तब ओएफएस के जरिये 1175 करोड़ रुपये जुटाये जाएंगे। ओएफएस में संजीव 15.12 लाख शेयर और संदीप जैन भी इतने ही शेयर बेच रहे है। वर्तमान में कंपनी का कुल मार्केट वैल्यू करीब 10,000 करोड़ रुपये है। कंपनी की दो सब्सिडियरी कंपनी है, जिनके नाम हैं मैक्सक्योर नेचुरावेदिक्स और प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर। इस आईपीओ से जुटाई गई राशि का उपयोग इन कंपनियों के ऋण को चुकाने में होगा। बाजार नियामक सेबी के पास जमा रिवाइज्ड डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक कंपनी ने इश्यू का 75 फीसदी हिस्सा के लिए आरक्षित किया है। इश्यू का 15 फीसदी हिस्सा और 10 फीसदी हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित है। इसमें 15 करोड़ रुपये के शेयर कर्मचारियों के लिए रिजर्व रखा गया है। उन्हें हर शेयर पर 64 रुपये का डिस्काउंट भी मिलेगा। इस आईपीओ में 22 शेयरों का लॉट तय किया गया है। मतलब कि निवेशकों को कम से कम 22 शेयरों के लिए बोली लगानी होगी। इससे ऊपर 22 शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। इसमें आवदेन करने वालों को अलॉटमेंट का बेसिस दो अगस्त को तय कर दिया जाएगा। इसके बाद असफल आवेदकों को रिफंड भी जारी कर दिया जाएगा। आगामी पांच अगस्त को शेयर अलॉटीज के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। आगामी छह अगस्त को एकम्स ड्रग्स के शेयर बीएसई और एनएसई में लिस्ट करा दिए जाएंगे।

टेक महिंद्रा के शेयर छह प्रतिशत गिरे

नई दिल्ली । सूचना प्रौद्योगिकी सेवाप्रदाता टेक महिंद्रा के शेयर में शुक्रवार को लगभग छह प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी की अप्रैल-जून तिमाही की आय में 1.2 प्रतिशत की गिरावट के बाद उसके शेयर में गिरावट आई है। बीएसई पर शेयर 5.52 प्रतिशत गिरकर 1,445.50 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह 5.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,444.25 रुपये पर रहा। सेंसेक्स और निफ्टी में सूचीबद्ध कंपनियों में सबसे अधिक गिरावट कंपनी के शेयर में ही आई। टेक महिंद्रा ने शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की सूचना दी थी। उसके अनुसार चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 851 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि, आलोच्य अवधि में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 13,005 करोड़ रुपये रहा।

डीएलएफ मुनाफा बढ़कर 645.61 करोड़ हुआ

मुंबई । चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में डीएलएफ का मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 645.61 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में उसका मुनाफा 527 करोड़ रुपये था। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में तीन गुना होकर 6,404 करोड़ रुपये हो गई। लक्जरी आवास संपत्तियों की मजबूत मांग से यह वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 2,040 करोड़ रुपये की संपत्ति बेची थी। डीएलएफ ने समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 17,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल करने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में उसने करीब 15,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की थी। कंपनी की नवीनतम निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग में वृद्धि की मुख्य वजह गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में स्थित लक्जरी परियोजना डीएलएफ प्रिवाना वेस्ट रही जिसमें 5,600 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। डीएलएफ ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 645.61 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में उसका मुनाफा 527 करोड़ रुपये था। अप्रैल-जून अवधि में कुल आय बढ़कर 1,729.82 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1,521.71 करोड़ रुपये थी। डीएलएफ भारत का अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर है और इसका सात दशकों से अधिक का सफल रिकॉर्ड है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 1,293 , निफ्टी 428 अंक ऊपर आया

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आये उछाल से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,292.92 अंक करीब 1.62 फीसदी ऊपर आकर 81,332.72 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 428.75 अंक तकरीबन 1.76 फीसदी बढ़कर 24,834.85 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ पर बंद हुए। भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और इंफोसिस सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। भारती एयरटेल 4.51 फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही। इसके अलावा सन फार्मा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, आईटीसी, टाटा मोटर्स, टाइटन, कोटक बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनैंस, एसबीआई, इंडसइंड, एशियन पेंट्स, टीसीएस, पावर ग्रिड, एलएंडटी, मारुति, रिलायंस, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचयूएल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाभ में रहे।

वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के 30 शेयरों में से केवल एक शेयर ही नुकसान पर बंद हुआ। ये शेयर नेस्ले इंडिया का था। इसमें 0.07 फीसदी की हल्की गिरावट रही।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल, शंघाई और हांगकांग ऊपर आये जबकि टोक्यो में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार भी ऊपर आया है। गत दिवस अमेरिकी बाजार में गिरावट रही।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 2,605.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला और सेंसेक्स 119 अंक चढ़कर 80,158 पर जबकि निफ्टी-50 भी 17 अंक की बढ़त लेकर 24,423 अंक पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा 2 फीसदी से ज्यादा गिर गया। साथ ही इंडसइंड बैंक, मारुति और एलएंडटी के शेयर भी गिरावट में रहे जबकि भारती एयरटेल 2 फीसदी बढ़ गया।

मारुति सुजुकी ने इगनिस का नया मॉडल लांच किया

नई दिल्ली । मारुति सुजुकी ने ऑल्टो से लेकर बलेनो तक कई हैचबैक कार को बाजार में उतारा है। इन हैचबैक कार के लाइनअप में इगेनिस मॉडल भी शामिल है, जिसे कई लोग मारुति की यूरोपियन कार कहते हैं। इगेनिस मॉडल को मारुति ने भारतीय बाजार में साल 2017 में लॉन्च किया था। पिछले कुछ सालों में इसकी सेल में गिरावट देखी गई। इसी गिरावट को रोकने के लिए अब मारुति ने इगेनिस के नए रेडिएंस संस्करण को बाजार में लॉन्च किया है जो कि अपने रेगुलर मॉडल से लगभग 35 हजार रुपये सस्ता है। कार में मस्कुलर बोनट, प्रोजेक्टर हेडलैंप, रूफ रेल्स और सिल्वर स्किड प्लेट्स है, वहीं यह 15 इंच के स्पोर्टी डुअल टोन अलॉय व्हील्स के साथ आती है। वहीं कार में आपको एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो के साथ 7 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, ड्राइवर सीट के हाइट एडजेस्टर के साथ और भी कई फीचर्स मिलते हैं। वहीं कार की सेफ्टी के लिए इसमें डुअल फ्रंट एयरबैग, रियर पार्किंग कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम और रियर पार्किंग सेंसर मिलता है। कंपनी का कहना है कि ये कार 20.89 किमी प्रति लीटर तक का माइलेज देने में सक्षम है।

शोभा लिमिटेड में पांच फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी अनामुडी

नई दिल्ली । गोदरेज परिवार की कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स बेंगलुरू स्थित शोभा लिमिटेड में अपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत करीब 1,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। शेयरधारिता के अनुसार अनामुडी रियल एस्टेट्स की शोभा लिमिटेड में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शोभा लिमिटेड का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 20,000 करोड़ रुपये है। सूत्रों के अनुसार गोदरेज परिवार ने शोभा लिमिटेड में अनामुडी रियल एस्टेट्स की कुल हिस्सेदारी का आधा हिस्सा बेचने के लिए बैंकरों की नियुक्ति की है। शेयरों की बिक्री शुक्रवार को शेयर एक्सचेंज पर ब्लॉक समझौते के जरिए किए जाने की संभावना है।

सनस्टार का शेयर 15 प्रतिशत उछाल के साथ सूचीबद्ध

नई दिल्ली । पेड़-पौधों से विशेष उत्पाद बनाने वाली कंपनी सनस्टार लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 95 रुपये से करीब 15 प्रतिशत उछाल के साथ शुक्रवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.40 रुपये पर कारोबार शुरू किया। इसके बाद यह 33.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 126.50 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 14.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109 रुपये पर कारोबार शुरू किया। कंपनी को निर्गम के आखिरी दिन मंगलवार को 82.99 गुना अभिदान मिला था। इसके 510 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 90 से 95 रुपये प्रति शेयर तय था।

मैनकाइंड फार्मा 13,630 करोड़ में भारत सीरम्स खरीदेगी

नई दिल्ली। मैनकाइंड फार्मा ने कहा कि वह लगभग 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स का पूर्ण अधिग्रहण करेगी। मैनकाइंड फार्मा ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने लगभग 13,630 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स (बीएसवी) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौता किया है। वह एडवेंट इंटरनेशनल से यह हिस्सेदारी हासिल करेगी। कंपनी ने कहा कि यह रणनीतिक कदम मैनकाइंड फार्मा को भारतीय महिला स्वास्थ्य और प्रजनन दवा बाजार में एक दिग्गज के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड का परिचालन राजस्व 47 प्रतिशत बढ़ा

अहमदाबाद ।

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए। साल-दर-साल आधार पर कंपनी का परिचालन राजस्व 47 प्रतिशत बढ़कर 5,379 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, कर भुगतान के बाद का लाभ 315 करोड़ रुपये रहा जो 73 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्शाता है।

अदाणी समूह की कंपनी ने बताया कि उसका ऑपरेशनल ईबीटीडीए 1,628 करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 29.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी 2050 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए दहानू पावर प्लांट को अलग कर रही है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनिल सरदाना ने कहा, एईएमएल और एमयूएल के अपने वितरण क्षेत्रों में बिजली की मांग में तेज बढ़ोतरी के साथ एईएसएल की नई लाइनों की कमीशनिंग पर लगातार फोकस कर रहा है। मुंबई में नवीकरणीय ऊर्जा की पहुंच 37 प्रतिशत हो चुकी है।

कंपनी ने बताया कि राजस्व में तेज वृद्धि के कारकों में परिचालन में शामिल नई ट्रांसमिशन परिसंपत्तियों का योगदान, निर्माणाधीन परियोजनाओं में अतिरिक्त लाइनों को जोड़ना और मुंबई तथा मुंद्रा के वितरण कारोबार में बिजली की मांग बढ़ने से बेची गई यूनिटों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटरिंग कारोबार से प्राप्त आय शामिल है।

कंपनी ने बताया कि मुंबई के वितरण कारोबार में बिजली की मांग आठ प्रतिशत बढ़ी। वहीं, डिस्ट्रीब्यूशन लॉस 5.18 प्रतिशत के निचले स्तर पर रहा और विश्वसनीय तथा सस्ती बिजली आपूर्ति के कारण नये उपभोक्ताओं के जुड़ने से उपभोक्ताओं की कुल संख्या 32 लाख पर पहुंच गई। ट्रांसमिशन सेगमेंट में हाल की तिमाहियों में कंपनी की पाइपलाइन में कई परियोजनाएं शामिल हुई हैं और ट्रांसमिशन परियोजनाओं के लिए उसका ऑर्डर बुक 17 हजार करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने बताया कि पूरे देश में बढ़ती ऊर्जा मांग के अनुरूप अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई में बिजली की मांग (बेची गई इकाई) वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में साल-दर-साल आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 296.2 करोड़ इकाई पर पहुंच गई।

MOU
BETWEEN

टाटा पावर ने बैंक ऑफ इंडिया के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली । टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड (टीपीएसएसएल) ने छतों पर सौर पैनल लगाने और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के साथ साझेदारी की है। टीपीएसएसएल की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि टाटा पावर सोलर सौर और ईवी चार्जिंग स्टेशन वित्तपोषण दोनों के लिए बीओआई के साथ सहयोग करने वाली पहली सौर कंपनी बन गई है। कंपनी ने इसके साथ ही हरित ऊर्जा समाधान प्रदाता के रूप में अपने नेतृत्व को मजबूत किया है। यह सहयोग छतों पर सौर पैनल स्थापित करने को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल का समर्थन करता है।

चीन को मिला पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड

पेरिस। विश्व चैंपियन निशानेबाज चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ ने शनिवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत हासिल कर अपने देश को पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चीनी जोड़ी ने चेटेउरौक्स शूटिंग सेंटर में अपने असाधारण कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक मैच में उनका सामना दक्षिण कोरिया के क्यूम जी-ह्योन और पार्क हा-जून से हुआ, जिसमें वे 16-12 के स्कोर से विजयी रहे। इससे पहले दिन में कजाकिस्तान की एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव की जोड़ी को कांस्य पदक प्रदान किया गया था। उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच को 17-5 के स्कोर से हराया।

कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक जीता

पेरिस। कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक अपने नाम कर लिया है। चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-5 से हराया। चीन और कोरिया गणराज्य, शीर्ष दो क्वालीफायर, एक ही स्पर्धा में खेलों के पहले स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। कजाख निशानेबाज एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने पहला राउंड 21.4-20.7 से जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच 3-3 और 4-4 से बराबरी करने में सफल रहीं लेकिन कभी बढ़त नहीं ले सकीं। ले और सतपायेव ने अगले तीन राउंड जीतकर स्कोर 10-4 कर दिया। हालाँकि जर्मनों ने निम्नलिखित को बराबर करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इससे अपरिहार्य में देरी हुई क्योंकि कज़ाकों ने एक आरामदायक जीत हासिल की। क्वालिफिकेशन राउंड में भी कजाकिस्तान तीसरे स्थान पर रहा था जबकि जर्मनी चौथे स्थान पर रहा था। भारतीय निशानेबाजों की बात करें तो वह 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी।

सरबजोत और अर्जुन चीमा की जोड़ी हारी

पेरिस। एयर राइफल मिश्रित टीमें की ओलंपिक खेलों में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरुआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके। सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ 9वें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। 8वें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने वाले जर्मनी के रॉबिन वाल्टर का स्कोर भी 577 था लेकिन उन्होंने सरबजोत के 16 के मुकाबले 17 सटीक निशाने लगाए थे। सरबजोत चौथी सीरीज में परफेक्ट 100 का स्कोर करने के बाद शीर्ष तीन में पहुंच गए थे, लेकिन 22 साल का यह निशानेबाज लय बरकरार रखने में नाकाम रहा और मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीमा भी एक समय चौथे स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन वह भी इस लय का बरकरार नहीं रख सके। चीमा और सरबजोत दोनों उस भारतीय टीम का हिस्सा थे।

मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में बनाई जगह

पेरिस। भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले दिन एक अच्छी खबर आखिरकार शूटिंग के इवेंट से ही आई जिसमें स्टार निशानेबाज खिलाड़ी मनु भाकर ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल इवेंट के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। मनु ने क्वालिफिकेशन राउंड जिसमें कुल 45 एथलीट्स हिस्सा ले रहे थे उसमें उन्होंने 580 अंक हासिल करते हुए तीसरे स्थान पर रहते हुए खत्म किया तो वहीं भारत की एक और निशानेबाज रिदम सांगवान जो इसी इवेंट में हिस्सा ले रहीं थी वह 15वें स्थान पर रहीं और क्वालीफाई करने में कामयाब नहीं हो सकीं। महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 6 सीरीज का मौका सभी निशानेबाजों को मिला जिसमें आखिर में टॉप-8 में रहने वालीं खिलाड़ियों ने अपनी जगह मेडल इवेंट के लिए पक्की की। इसमें 22 साल की मनु भाकर ने पहली सीरीज में 100 में 97 अंक हासिल किए। इसके बाद 97 दूसरी सीरीज में जबकि तीन सीरीज खत्म होने के बाद मनु के 300 में 292 अंक थे। मनु ने आखिरी तीन सीरीज में लगातार 96 अंक हासिल किए और फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। वहीं रिदम सांगवान को लेकर बात की जाए तो वह पहली तीन सीरीज में 97, 92 और 97 अंक हासिल करने में कामयाब रहीं लेकिन आखिरी तीन सीरीज में 96, 95 और 96 अंक ही हासिल कर सकी जिससे उन्होंने 15वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया। रिदम सांगवान के कुल 573 अंक थे और वह मेडल इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की नहीं कर सकी। 28 जुलाई को होगा अब मेडल इवेंट मनु भाकर अब 28 जुलाई को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल के मेडल इवेंट में हिस्सा लेंगी। इसमें मनु को क्वालिफिकेशन राउंड में पहले नंबर पर खत्म करने वाली हंगरी की खिलाड़ी माजोर वेरोनिका और दूसरे नंबर पर रहने वालीं हो ये जिन से कड़ी टक्कर मिल सकती है।

महिला एशिया कप 2024 के फाइनल का बदला शेड्यूल

इंडिया-श्रीलंका के बीच आज खेला जाएगा खिताबी मुकाबला

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच वुमेंस एशिया कप टी20 2024 का फाइनल मुकाबला कल यानी रविवार 28 जुलाई को खेला जाना है। हालांकि, इस मुकाबले के शेड्यूल में थोड़ा बदलाव हुआ है। पहले ये मैच शाम को सात बजे शुरू होने वाला था, लेकिन अब ये अपने निर्धारित समय से कई घंटे पहले शुरू होगा। इस मैच को प्रीपोन करने के पीछे क्या मकसद था? इसके बारे में आप जान लीजिए। टीम इंडिया ने बांग्लादेश और श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराया और फाइनल का टिकट प्राप्त किया। दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन हुए। उस समय तक फाइनल की टाइमिंग शाम को सात बजे थी, लेकिन अब इस फाइनल मैच की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। मैच अब शाम सात बजे की बजाय दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। भारत में भी उस समय मैच शुरू होगा, क्योंकि दोनों देशों का टाइम एक ही है। Women's Asia Cup final की टाइमिंग में बदलाव इसलिए करना पड़ा है, क्योंकि भारत और श्रीलंका की मेंस टीम के बीच दूसरा टी20 मैच उसी समय खेला जाएगा।

गंभीर को लेकर मांजरेकर का बड़ा बयान

बोले- खेल और टीम से बड़ा कुछ नहीं

नई दिल्ली। गौतम गंभीर आज यानी 27 जुलाई से टीम इंडिया के हेड कोच के तौर पर अपने कार्यकाल को शुरू कर रहे हैं। जब से गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं, तभी से लगातार ऐसा प्रदर्शित किया जा रहा है कि गौतम गंभीर से बड़ा कोच टीम इंडिया को आज तक नहीं मिला। हालांकि, इस बात से पूर्व भारतीय क्रिकेट संजय मांजरेकर इत्तेफाक नहीं रखते। उनका कहना है कि कोई भी टीम से बड़ा नहीं हो सकता है। उन्होंने फैंस, प्लेयर्स और ब्रॉडकास्टर्स से अपील की है कि यह खेल किस बारे में है, उसके बारे में बात करो। टीम के बारे में बात करो, किसी व्यक्ति के बारे में नहीं। निश्चित तौर पर गौतम गंभीर के लिए चुनौती है, क्योंकि वे राहुल द्रविड़ की जगह लेने जा रहे हैं, जो पिछले करीब दो दशक में भारत के सबसे सफल कोच के तौर पर देखे गए हैं। उन्होंने टीम इंडिया को टी-20 विश्व कप जिताया है, जबकि उनका जीत प्रतिशत पहले के सभी कोचों के मुकाबले सबसे ज्यादा है। मांजरेकर ने कहा है कि टीम इंडिया चार पर विश्व कप जीती है और दो बार ही स्पेशल कोच साथ में थे। ऐसे में बात टीम की होनी चाहिए। संजय मांजरेकर ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, "कोई कोच नहीं, लालचंद राजपूत, गैरी कर्स्टन और राहुल द्रविड़। कोच तब थे, जब भारत ने 1983, 2007, 2011 और 2024 में विश्व कप जीता था। यह वास्तव में भारतीय क्रिकेट के बारे में है, न कि कोच कौन है। समय आ गया है कि हम यह सोचना बंद कर दें कि दोनों के बीच सीधा संबंध है।" कपिल देव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जब लगातार दो बार से चैंपियन बनी चली आ रही वेस्टइंडीज को हराकर 1983 में विश्व कप जीता था तो उस समय टीम के पास कोई हेड कोच नहीं था। वहीं, जब 2007 में टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप की चैंपियन बनी तो लालचंद राजपूत टीम के डायेक्टर थे, क्योंकि 6 महीने पहले वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद ग्रेग चैपल को हटा दिया गया था। हालांकि, 2011 के वनडे विश्व कप के दौरान विजेता टीम के हेड कोच गैरी कर्स्टन थे। ये पहली बार था, जब टीम इंडिया विश्व कप जीता और टीम के साथ हेड कोच के रूप में कोई शख्स था। इसके बाद अब 2024 में ऐसा हुआ है कि जब हेड कोच टीम के साथ था और टीम विश्व चैंपियन बनी।

यही कारण है कि गौतम गंभीर के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि आने वाले समय में भारत को कई आईसीसी टूर्नामेंट जीतने हैं। ऐसे में बात टीम की होनी चाहिए। संजय मांजरेकर ने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा, "कोई कोच नहीं, लालचंद राजपूत, गैरी कर्स्टन और राहुल द्रविड़। कोच तब थे, जब भारत ने 1983, 2007, 2011 और 2024 में विश्व कप जीता था। यह वास्तव में भारतीय क्रिकेट के बारे में है, न कि कोच कौन है। समय आ गया है कि हम यह सोचना बंद कर दें कि दोनों के बीचा सीधा संबंध है।"

द्रविड़ के खास मैसेज ने गंभीर को किया इमोशनल

नई दिल्ली। टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे का आगाज तीन मैच की टी20 सीरीज के साथ होने जा रहा है। इस सीरीज से गौतम गंभीर टीम इंडिया के साथ अपनी नई पारी बतौर हेड कोच भी शुरू करने वाले हैं। अपना कार्यकाल शुरू करने से पहले गौतम गंभीर को टी20 वर्ल्ड कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ से एक खास मैसेज मिला, जिसने उन्हें इमोशनल कर दिया। बीसीसीआई ने इस घटना का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। फैंस इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। राहुल द्रविड़ ने श्रीलंका दौरे के शुरू होने से पहले गौतम गंभीर को एक वॉइस नोट भेजा। राहुल द्रविड़ ने सबसे पहले गौतम गंभीर को बधाई देते हुए कहा, "मैं आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं गौतम। मुझे यकीन है कि आप भारतीय टीम को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आपके साथी खिलाड़ी के रूप में, मैंने आपको मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए देखा है। आपके बल्लेबाजी साथी और साथी क्षेत्ररक्षक के रूप में, मैंने आपकी दृढ़ता और हार न मानने की आदत देखी है। कई आईपीएल सीजन में, मैंने आपकी जीत की इच्छा, युवा खिलाड़ियों की सहायता और मैदान पर अपनी टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने की आपकी इच्छा देखी है। मैं जानता हूं कि आप भारतीय क्रिकेट के प्रति कितने समर्पित और भावुक हैं और मुझे यकीन है कि आप इन सभी गुणों को नई नौकरी में भी लाएंगे।" द्रविड़ ने गंभीर को टिप्स देते हुए कहा, "जैसा कि आप जानते हैं, अपेक्षाएं बहुत अधिक होंगी और परीक्षा भी कड़ी होगी। मुझे यह भी उम्मीद है कि आपको हर टीम में पूरी तरह से फिट खिलाड़ी मिलेंगे। इसके लिए आपको शुभकामनाएं। मैं आपको थोड़ी-बहुत शुभकामनाएं भी देता हूं, क्योंकि आप जानते हैं कि हम सभी कोचों को हमें वास्तविकता से थोड़ा ज्यादा समझदार और होशियार दिखाने की जरूरत है।" राहुल द्रविड़ के इस वॉइस नोट को सुनने के बाद गौतम गंभीर थोड़ा इमोशनल नजर आए। गंभीर ने कहा, "मुझे लगता है कि द्रविड़ से सीखने के लिए बहुत कुछ है, सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि अगली पीढ़ी और मौजूदा पीढ़ी के लिए भी। भारतीय क्रिकेट महत्वपूर्ण है, न कि मैं, न ही कोई व्यक्ति। मैं बहुत भावुक नहीं होता, लेकिन मुझे लगता है कि इस संदेश ने मुझे वास्तव में बहुत भावुक कर दिया है। उम्मीद है कि मैं यह पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ कर पाउंगा।"

टीम में नहीं मिली जगह तो क्रिकेटर ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। गिंडी के काठीपारा में एक चौंकाने वाली घटना हुई। यहां एक 23 वर्षीय पेशेवर क्रिकेटर ने काठीपारा फ्लाईओवर से कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान जीएस सैमुवेलराज के रूप में हुई है। वह विरुगंबक्कम का रहने वाला था और तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के लिए फ़र्स्ट क्लास क्रिकेट खेलता था। मृतक के पास से कोई कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। लेकिन स्थानीय पुलिस का कहना है कि उसके दोस्तों से पूछताछ से पता चला है कि सैमुवेलराज को तमिलनाडु प्रीमियर लीग की शहर की टीम में नहीं चुना गया था। जिसके बाद वह निराश था। सेंट थॉमस माउंट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर तमिलनाडु में राज्य स्तर पर टी20 क्रिकेट लीग शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। सैमुवेलराज अपने स्कूटर में बैठकर एक्कातुथंगल से मीनांबक्कम की ओर निकला। उसने अपना दोपहिया वाहन काठीपारा फ्लाईओवर में पार्क किया और इससे पहले कि कोई उसे रोक पाता, वह पैरापेट की दीवार पर चढ़ गया और 80 फीट की ऊंचाई से कूद गया। पुलिस ने आगे बताया कि फ्लाईओवर के नीचे मौजूद लोगों ने युवक को ऊंचाई से गिरते हुए देखा और अधिकारियों को सूचित किया और उसे अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए क्रोमपेट सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

जो रूट का धांसू धमाका, ब्रायन लारा का दमदार रिकॉर्ड टूटा

टेस्ट इतिहास में ये कमाल करने वाले सातवें प्लेयर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जो रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी तीसरे टेस्ट में एक धांसू धमाका किया। उन्होंने शनिवार को एजबेस्टन स्टेडियम में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का दमदार रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला। रूट टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की फेहरिस्त में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। खबर लिखे जाने तक उनके खाते में 261 टेस्ट पारियों में 11990* रन हैं। लारा ने अपने करियर में 232 पारियों में 11953 रन जुटाए। वह आठवें नंबर पर खिसक गए हैं। रूट ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपॉल (11867) को पछाड़ा था। रूट ने दिसंबर 2012 में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अभी तक 143 टेस्ट में 32 शतक और 63 अर्धशतक जमाए हैं। वह तीसरे टेस्ट में अर्धशतक लगा चुके हैं और क्रीज पर डटे हैं। उन्होंने पिछले मैच में शतक जमाया था। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। उन्होंने 200 टेस्ट मैचों में 15921 रन जुटाए। सचिन ने 51 सेंचुरी और 68 फिफ्टी जमाई, जो सबसे अधिक हैं। लिस्ट में दूसरे पायदान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग हैं, जिन्होंने 168 टेस्ट में 13378 रन बटोरे। उन्होंने 41 शतक और 62 अर्धशतक लगाए। साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक कैलिस ने 166 मैचों में 13289 रन जोड़े। उन्होंने 45 शतक और 58 अर्धशतक ठोके। पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ चौथे स्थान पर हैं। द्रविड़ के बल्ले से 164 टेस्ट में 13288 रन निकले। इंग्लैंड के पूर्व प्लेयर एलेस्टेयर कुक (161 टेस्ट में 12,472) पांचवें नंबर पर हैं।

टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर

सचिन तेंदुलकर – 15,921 (329 पारियां)
रिकी पोंटिंग – 13,378 (287 पारियां)
जैक्स कैलिस – 13,289 (280 पारियां)
राहुल द्रविड़ – 13,288 (286 पारियां)
एलेस्टेयर कुक – 12,472 (291 पारियां)
कुमार संगकारा – 12,400 (233 पारियां)
जो रूट – 119903 (261 पारियां)
ब्रायन लारा- 11953 (232 पारियां)

इंग्लैंड वर्सेस वेस्टइंडीज तीसरे टेस्ट की बात करें तो क्रैग ब्रैथवेट ब्रिगेड ने पहली पारी में 282 रन बनाए। मेजबान इंग्लैंड की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर बेन डकेट तीन रन ही बना सके। जैक क्रॉली ने 18 और ओली पोप ने 10 रन जुटाए। मार्क वुड का खाता नहीं खुला। हैरी ब्रूक (2) सस्ते में पवेलियन लौटे। इंग्लैंड ने 12वें ओवर तक 54 रन जोड़कर पांच विकेट गंवा दिए। ऐसे में रूट ने मजबूती से एक छोर संभाला।

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच ग्रेटर नोएडा में खेला जाएगा टेस्ट मैच

RASHID
4
HASHMAT
7
YAMIN
99
IHSAN JANAT

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने पुष्टि की है कि वह भारत के ग्रेटर नोएडा में 9 से 13 सितंबर तक इकलौता टेस्ट मैच खेलेगा। यह मुकाबला अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें टेस्ट में आमने-सामने होंगी। यह ऐतिहासिक मैच अफगानिस्तान का 10वां और 2024 में उनका तीसरा टेस्ट मैच होगा। ACB की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, न्यूजीलैंड टीम टेस्ट मैच से पहले 3 दिवसीय कंडीशनिंग कैंप के लिए 5 सितंबर को ग्रेटर नोएडा पहुंच जाएगी। अफगानिस्तान टीम एक सप्ताह के प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के लिए अगस्त के अंत में दिल्ली जाएगी। ACB और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)) के बीच एक आपसी समझौते के बाद, ग्रेटर नोएडा स्टेडियम अफगानिस्तान के घरेलू खेलों के लिए आवंटित स्थानों में से एक है। ACB के अध्यक्ष मीरवाइस अशरफ ने पहली बार न्यूजीलैंड की मेजबानी करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और कहा, "हम अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की मेजबानी करके खुश हैं। यह उस कड़ी मेहनत का प्रमाण है जो हमने विभिन्न आईसीसी बोर्ड बैठकों के मौके पर विभिन्न बोर्डों के साथ कई चर्चाओं और बैठकों के माध्यम से की है।" उन्होंने आगे कहा, "ब्लैककैप्स विश्व क्रिकेट में एक उत्कृष्ट ऑल-फॉर्मेट टीम है। हमें भविष्य में सफेद गेंद वाले द्विपक्षीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ एक समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है।" बता दें कि यह अफगानिस्तान का 10वां टेस्ट मैच होगा। 2017 में टेस्ट दर्जा हासिल करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिसतान का पहला मैच होगा। अफगानिस्तान ने इससे पहले आयरलैंड (2019), बांग्लादेश (2019) और जिम्बाब्वे (2021) के खिलाफ 3टेस्ट मैच जीते हैं।

सपने में खुद को यात्रा करते हुए देखने का क्या होता है मतलब?

अगर आप सपने में खुद को जहाज पर यात्रा करते हुए देखते हैं,तो यह एक शुभ संकेत है। यह इस बात का संकेत है कि आप भविष्य में किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं। अगर आप सपने में खुद को कहीं पैदल यात्रा करते हुए देखते हैं तो यह बहुत ही शुभ होता है। इसका मतलब है कि कहीं यात्रा के दौरान आपको धन लाभ होगा।

अगर आपको बार–बार यात्रा का सपना दिखाई देता है तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आप नई जगहों और नई चीजों की खोज करना पसंद करते हैं। आपको नए लोगों से मिलना और उनसे रिश्ते बनाना पसंद है और आप अक्सर नई योजनाओं की तलाश में रहते हैं।

वास्तव में जब हम कोई भी सपना देखते हैं तो वो असल जीवन से कुछ न कुछ जुड़ाव जरूर रखता है। ऐसे ही अगर आपको यात्रा का सपना दिखे,तो समझें कि आपको कुछ दिनों की छुट्टी की आवश्यकता है और आपको परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने की जरूरत है। यह आपको संकेत देता है कि आप अपने रोजमर्रा के कामों से कुछ दिनों के लिए बाहर आएं। शायद आप खुद को

ज्यादातर लोग यात्रा करना पसंद करते हैं। कुछ लोग अपने दोस्तों या समूहों के साथ घूमना पसंद करते हैं, जबकि कुछ लोग अकेले होते हैं। किसी भी तरह से यात्रा के लिए योजना बनानी होती है और यदि यह लंबी यात्रा है तो इसकी योजना पहले से ही बना लेनी चाहिए। इससे यात्रा से जुड़े विचार मन में बार–बार आते हैं और सपने भी आते हैं या किसी अच्छी यात्रा से वापस आने के बाद भी ऐसा हो सकता है। कभी–कभी यात्रा के सपने अचानक आ सकते हैं। समुद्रशास्त्र में हर सपने का एक अलग अर्थ होता है। इसी तरह यात्रा से जुड़े सपने भी मायने रखते हैं। अगर आप सपने में खुद को यात्रा करते हुए देखते हैं तो यह अशुभ माना जाता है। इसके अलावा समुद्र शास्त्र के अनुसार अगर आप सपने में खुद को किसी वाहन में यात्रा करते हुए देखते हैं तो यह किसी बुरी घटना का संकेत हो सकता है।

ज्यादा थका हुआ महसूस करते हैं इसलिए आपको मानसिक शांति के लिए कहीं बाहर घूमने के योजना बनानी चाहिए।

अगर आपको कभी विदेश यात्रा का सपना दिखाई दे तो समझें कि आपकी असल जिंदगी में कोई बड़ा बदलाव होने वाला है। वास्तव में आप किसी काम के सिलसिले में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। हो सकता है कि आपको बिजनेस में कोई मुनाफा हो या फिर नौकरी में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिले जिसका आपको आगे चलकर लाभ हो।

नवजात शिशु के सही विकास के लिए ऐसे करें उनकी देखभाल

बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास हो, इसके लिए तीन बातों का ध्यान रखना जरूरी है– स्तनपान, अनिवार्य टीकाकरण और पूरक आहार। शुरू के छह महीने बहुत खास होते हैं। इसके बाद बच्चे को पूरक आहार देना शुरू किया जाता है। बच्चे के भावनात्मक विकास के लिए उसे भरपूर प्यार और बेहतर पारिवारिक माहौल की भी जरूरत होती है। इसके लिए माता–पिता बच्चे से जुड़ाव बढ़ाएं, उसके साथ खेलें। उसके पोषण और प्रेम में कहीं से कमी न होने दें। गर्भकाल से लेकर तीन वर्ष तक बच्चे के मानसिक विकास की अवधि होती है। इस दौरान 80 प्रतिशत से ज्यादा न्यूरल विकास होता है। हर बच्चे का अधिकार है कि उसके जीवन की शुरुआत गुणवत्तापूर्ण हो। इन अधिकारों में अच्छा पोषण, उत्तरदायी देखभाल, स्वास्थ्य, सुरक्षित वातावरण और प्रारंभिक शिक्षण शामिल है। पूरक आहार की शुरुआत भले ही छह महीने बाद हो जाती है, लेकिन ध्यान रखें स्तनपान कम से कम दो साल तक जारी रहे।

मां का दूध बच्चे के लिए अमृत

नवजात शिशु को शुरुआती छह महीने तक केवल मां का ही दूध पिलाना चाहिए। इस दौरान बॉटल फीडिंग या किसी अन्य तरीके से बच्चों को दूध पिलाना उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। एक बड़ी भ्रांति है कि मां का दूध कम होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि मां बच्चे को जितना दूध पिलाएगी, उतना ही बढ़ेगा। मां का दूध बच्चे को पिलाना इसलिए जरूरी है, क्योंकि यह बहुत ही सुपाच्य होता है। दूध पीते-पीते यह बच्चे को पच जाता है और एक घंटे में ही उसे दोबारा भूख लग जाती है। अगर बच्चे को बॉटल फीडिंग की आदत लगा दी जाती है, तो मां का दूध स्वतः कम होने लगता है। ध्यान रखें इन छह महीनों के दौरान बच्चे को पानी भी नहीं पिलाना है और ना ही कोई घुट्टी देनी है या कुछ खिलाना है।

मां के पोषण पर बच्चे की निर्भरता

हर मां को चाहिए कि वह दिनभर में नवजात को कम से कम आठ बार स्तनपान कराए। बच्चे को रात में भी दूध पिलाना जरूरी है। दूसरा, मां का खाने में कोई परहेज नहीं है। पूरे उत्तर भारत में यह माना जाता है कि अगर मां बच्चे को दूध पिला रही है, तो उसे चावल, दही, आम आदि नहीं खाना चाहिए, जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि स्तनपान के दौरान मां को घर का बना सब कुछ- चावल, दाल, हरी सब्जी, रोटी, दाल आदि कम से कम चार बार खाना चाहिए। साथ ही मौसमी फल जैसे केला, अमरूद भी खाती रहें। दूध बनने की प्रक्रिया बच्चे के दूध पीने और मां के भोजन से जुड़ी है। प्रसव के तुरंत बाद लोग मां का दूध नहीं पिलाने देते कि इससे पस बनता है, दही नहीं खाने देते हैं कि इससे ठंड लगती है, आम नहीं खाने देते कि इससे बच्चे के पेट में दर्द होता है। ये धारणाएं गलत हैं। विज्ञान कहता है कि स्तनपान के दौरान मां को 300 से 400 किलो कैलोरी की अधिक आवश्यकता होती है यानी अगर घर में लोग तीन बार भोजन कर रहे हैं, तो मां को चार बार भोजन करना चाहिए।

बारिश होते ही घर में दिखने लगते हैं कीड़े-मकोड़े

किचन में रख दें 5 चीजें भागेंगे कोसों दूर

बरसात के मौसम में घर और आसपास कई तरह के कीड़े, मक्खियां आदि नजर आने लगते हैं। यही नहीं, कई कीड़े तो घर में घुस जाते हैं और इनके काटने से स्किन पर एलर्जी तक हो सकती है। बरसाती मक्खियां तो हैजा जैसी बीमारियों का कारण तक बन सकती हैं और किचन के फर्श, कैबिनेट्स यहां तक कि खाने पर भी भिनभिनाने लगती हैं। ऐसे में किचन में मौजूद नेचुरल चीजों की मदद से कीड़े और मक्खियों को दूर भगा सकते हैं।

नमक : घर को डिसइंफेक्ट करने और संक्रमण को रोकने के लिए आप नमक का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप फर्श को साफ करने के लिए नमक का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप एक बाल्टी पानी में 4 से 5 चम्मन नमक डालें और पोछा के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से घर में मक्खी या कीड़े नहीं आएंगे। आप घर के आसपास नमक का छिड़काव कर केचुए आदि को दूर रख सकते हैं।

नीम के पत्ते: अगर घर में मक्खियां या उड़ने वाले पतंगे आ रहे हैं तो आप नीम के पत्ते का इस्तेमाल करें। आप नीम के कुछ पत्तों को उबाल लें और इसे स्प्रे बोतल में डाल लें। जैसे ही मक्खियां नजर आएं, आप उन पर यह छिड़काव करें। आप घर के उन जगहों पर इससे छिड़काव करें जहां कीड़े आदि आ रहे हैं। आप नमी ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

तुलसी: आप एक स्प्रे बोतल में तुलसी पत्ते को पीसकर पानी के साथ घोल लें। अब इसे लकड़ी के फर्नीचर, फर्श आदि जगहों पर स्प्रे कर लें। अगर घर में मक्खियां आती हैं तो आप कमरे में तुलसी का पौधा लगाकर रख दें। इस तरह ये कीड़े घर के बारह ही रहेंगे। आप पिपरमिंट ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

तेजपत्ता: अगर घर के खाने की चीजों में कीड़े लग रहे हैं तो इसके लिए आप तेजपत्ते का इस्तेमाल बड़ी आसानी से कर सकते हैं। आप चावल, दाल, आटा आदि के डिब्बे को एयरटाइट कंटेनर में रखें और साथ में दो से तीन तेजपत्ता डाल दें। इस तरह इनमें कीड़े नहीं लगेंगे।

लहसुन: घर में कीड़ों के प्रवेश को रोकने के लिए आप एक स्प्रे बोतल में सफेद सिरका डालें। अब इसमें 5 से 6 लहसुन की कलियों को छीलकर पीस घर घोल दें। अब इसमें आधा कप पानी मिलाएं। आपका स्प्रे तैयार है। इसकी मदद से आप हर तरह के कीड़ों को घर से खदेड़ सकते हैं।

प्याज काटते समय आपके भी आंखों से बहते हैं आंसू

कुकिंग करना मोस्टली सभी को पसंद होता है, लेकिन कुकिंग का एक प्रोसेस सभी के आंसू निकाल देता है। हमारा इशारा प्याज की तरफ है। कुकिंग के वक्त प्याज की चॉपिंग काफी मुश्किल काम है। प्याज काटते वक्त आंखों में इतनी ज्यादा झांस लगती है कि अच्छे अच्छों के आंख से आंसू निकल आता है। अगर आपको भी प्याज काटते वक्त खूब आंसू निकलता है तो हम आपको कुछ हेक्स बता रहे हैं इसकी मदद से आंसू रुक सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में...

प्याज काटते वक्त क्यों निकलता है आंसू?

प्याज काटते वक्त आंखों से आंसू आने का कारण प्यास के अंदर मौजूद एंजाइम होते हैं। जब प्याज काटा जाता है तब उसके अंदर मौजूद इनमें से एक तरह की गैस निकलती है। जिससे sy propan-ethial s oxide कहा जाता है। यह नाक के जरिए आंखों के मेंब्रेन को इरिटेट करती है और आंखों से आंसू आते हैं। तो अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो यह उपाय अपना ले।

ये टिप्स आएंगे काम

- प्याज काटते वक्त आप गॉगल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक खास तरह का गोगल्स होता है,जिससे आंखों तक हवा नहीं पहुंचती है। इस तरीके से आपकी आंखों में प्यास की गैस नहीं पहुंचेगी।
- प्याज को छीलने के बाद इसे बीच से दो टुकड़ा कर दें। उसके बाद इसे पानी में डालकर थोड़ी देर के लिए रख दें। आप इसे कम से कम 15 से 20 मिनट तक पानी में ही रहने दें। इस पानी में आप सफेद सिरका भी डाल सकते हैं। ऐसा करने से प्याज के एंजाइम निकल जाएंगे और आपकी आंखों से आंसू भी नहीं आएगा।

- प्याज काटते समय आंसू से बचने के लिए आप इसे काटने से पहले 20 से 25 मिनट फ्रिज में रख दें। ऐसा करने से प्याज में मौजूद एंजाइम का असर खत्म हो जाता है और इसे काटने पर आंख से पानी नहीं निकलता है।
- हमेशा प्याज धारदार चाकू से ही काटें। जब आप तेज चाकू से प्याज काटते हैं तो प्याज की लेयर कटती है। इनमें से कम एंजाइम निकलते हैं। प्याज की सेल वॉल्स जब डैमेज होती है,तो इसमें से कम गैस निकलती है और आंखों को भी दिक्कत कम होती है।
- कुछ लोग तो यह भी मानते हैं कि प्याज काटते वक्त अगर पास में मोमबत्ती जलाकर रखा जाए तो इससे निकलने वाली गैस मोमबत्ती में चली जाती है और आपकी आंखों में जलन नहीं होती।

इंस्टेंट ढोकला

ढोकला एक गुजराती डिश है, जिसे देशभर के विभिन्न राज्यों में बड़े चाव से खाया जाता है। हरी चटनी के साथ ढोकले का स्वाद बेहद उम्दा लगता है। आप इस मशहूर गुजराती डिश को अपने घर में आसानी से तैयार कर सकते हैं। आइए जानते हैं इंस्टेंट ढोकला बनाने का तरीका।

खाना खज़ाना

सामग्री

बेसन - 100 ग्राम(एक कप) सूजी रवा - 100 ग्राम(एक कप) पानी - 100 ग्राम (आधा कप) दही - 200 ग्राम (1 कप, फैट लीजिये) हल्दी - चुटकी भर नमक - 1 छोटी चम्मच या स्वादानुसार ईनो पाउडर - 1 छोटी चम्मच तड़का लगाने के लिए, तेल - एक टेबल स्पून राई के दाने - एक छोटी चम्मच हरी मिर्च - 2 या 3 कटी हुई चीनी - एक छोटी चम्मच नमक - एक चौथाई छोटी चम्मच हरा धनियां - एक टेबिल स्पून कटा हुआ नारियल - एक टेबिल स्पून कद्दूकस किया हुआ

बनाने की विधि

सबसे पहले एक बर्तन में सूजी, दही, हल्दी, बेसन और पानी डालकर मिक्स कर लें। इस घोल को ज्यादा पतला या ज्यादा गाढ़ा न रखें। इसके बाद घोल में नमक डालकर मिक्स कर लें ताकि इसमें एक भी गांठ ना रहे। अब मिश्रण में ईनो डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब कुकर में 1 गिलास पानी भरिए। पानी के ऊपर एक स्टैंड रख दीजिए। इसके बाद एक बाउल को ग्रीस करिए। इस बाउल में ढोकले का बैटर डालकर कुकर में रखी प्लेट के ऊपर रख दीजिए।

ढोकले का तड़का बनाने के लिए छोटे पैन में 1 टेबल स्पून तेल डालकर गरम करें। तेल के गरम होने पर इसमें राई और कटी हरी मिर्च डालकर तड़काएं। फ्राई होने के बाद इसमें 1 कटोरी पानी डाल दें। इसके बाद इस घोल में स्वादानुसार चीनी और नमक मिला दें। इस तड़के को ढोकला के ऊपर डाल दें। आपका ढोकला तैयार है।

खजूर हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक

खजूर यानि डेट्स जोकि स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है साथ ही इसे स्वादिष्ट फल भी माना जाता है। यह मिठास और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अगर आप इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यह कैलोरी वाले स्नैक्स की तुलना में ज्यादा बेहतर होते हैं। खजूर में भी दो प्रकार होते हैं सूखे खजूर और ताजे खजूर। आज हम अपने आर्टिकल के जरिए बताएंगे कि सूखे और ताजे खजूर में क्या अंतर है? और दोनों में से सेहत के लिए ज्यादा अच्छा कौन सा है? ड्राई खजूर जो सख्त और पीले रंग के होते हैं। फ्रेश खजूर पके होते हैं। सूखे खजूर को तोड़ने से पहले कुछ समय के लिए धूप में सुखाया जाता है।

खजूर क्या होता है?

खजूर स्वादिष्ट छोटे फल हैं जो बेहद मीठे होते हैं। दुनिया भर में खजूर की ढेरों अलग-अलग किस्में हैं। आप जब भी किसी देश की यात्रा करेंगे तो आपको खजूर अलग-अलग रूप में मिल जाएंगे। इन फलों के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि ये उन कुछ फलों में से एक हैं जिन्हें लगभग हर संस्कृति किसी न किसी तरह से अपने भोजन में शामिल करती है। ब्रिटेन में खजूरों को काटकर पारंपरिक चिपचिपी टॉफ़ी पुडिंग या क्रिसमस पुडिंग में मिलाया जाता है। खजूर को बेकन में लपेटकर तला जाता है। इज़राइल में सिलान नामक खजूर का सिरप होता है। आमतौर पर चिकन को स्वादिष्ट बनाने के लिए शहद की जगह कई देशों में खजूर का इस्तेमाल होता है। हाल ही में खजूर फिर से चर्चा का विषय बनी हुई है। क्योंकि यह सोशल मीडिया और इंटरनेट का जमाना है। इस दौरान में आसानी से पता लगाया जा सकता है कौन से देश में किस तरह के खजूर पाए जाते हैं। खजूर से जुड़ा सबसे बड़ा सवाल जो हमसे अक्सर पूछा जाता है वह यह है कि ताजे और सूखे खजूर में क्या अंतर है?

ड्राई खजूर

खजूर को ड्राई खजूर भी कहा जाता है। जिसे आप छुहारा के नाम से जानते हैं। सबसे पहले पेड़ से इसे कच्चा तोड़कर धूप में सुखाया जाता है। यह खजूर सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। अगर आप खजूर उगाने वाले हिस्से में नहीं रहते हैं। तो आपको इसका अनुभव करना थोड़ कठिन हो सकता है। इनकी कटाई केवल अगस्त और सितंबर के कुछ दिनों या हफ्तों के बीच की जाती है।

जब खजूर पूरी तरह से पक कर अपना रंग बदल लेता है। इसके स्वाद में भी बदलाव होने लगता है,तो उसे रुतब खजूर कहा जाता है। पके हुए खजूर का रंग भूरा होने लगता है और सिकुड़ने लगता है। रतुब खजूर में नमी की मात्रा केवल 50-70% के बीच होती है। जैसे-जैसे वे पकते हैं, उनमें एक नरम और बेहद रसदार होने लगते हैं। जिसे खाने के बाद कोई भी उसका स्वाद भूल नहीं पाएगा। साथ ही पके हुए खजूर की मिठास भी काफी बढ़ जाती है। ये खजूर बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं लेकिन अगर इन्हें जमाकर रखा जाए तो ये 2 साल तक चल सकते हैं। ये पके हुए खजूर आमतौर पर आपको देश-दुनिया के किसी भी हिस्से में मिल जाएगी।

दोनों में कौन सा है बेहतर

दोनों तरह के खजूर सेहत के लिहाज से बेहतर हैं। आप इसे खाली पेट या शाम के वक्त आराम से खा सकते हैं। आप इसे दूध या फल के साथ आराम से खा सकते हैं। यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद ही है।

बारिश में होता है भयंकर हेयर फॉल

घर में करें ये देसी इलाज

देश के अधिकतर हिस्सों में बारिश हो रही है। बरसात के मौसम में बीमारियों का कहर भी काफी बढ़ जाता है। स्किन और बालों को लेकर इस मौसम में काफी सावधान रहने की जरूरत होती है, वरना कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। जानकारों की मानें तो हेयर फॉल की समस्या बारिश में कई गुना बढ़ जाती है। अगर आप भी हेयर फॉल की परेशानी का सामना कर रहे हैं तो डर्मेटोलॉजिस्ट से कुछ जरूरी टिप्स जान लेने चाहिए। इन टिप्स को फॉलो कर आप बाल टूटने की समस्या से राहत पा सकेंगे। साथ ही आपके बाल घने और मजबूत भी हो जाएंगे।

बारिश में बाल धोते और कंघी करते वक्त बाल टूटना नॉर्मल माना जाता है। बरसात में रोज बाल टूटने का भी सामना करना पड़ सकता है। हेयर फॉल की वजह से इनकी तादाद ज्यादा भी हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि बालों को लेकर सावधानी बरती जाए और हेयर फॉल को रोकने की हरसंभव कोशिश की जाए। ध्यान रखने वाली बात यह भी है कि सरसों का तेल बरसात के मौसम में बालों में ज्यादा नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से हेयर फॉल की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

बारिश में भीगने से बचना चाहिए और बाल अगर गीले हो जाएं तो उन्हें जल्दी से सुखा लेना चाहिए। ऐसा करने से फंगल इंफेक्शन का खतरा कम हो जाएगा और हेयर फॉल से भी राहत मिलेगी। इससे बालों को मजबूती भी मिलेगी। हेयर फॉल रोकने के लिए नहाने से पहले बालों की कोकोनट ऑयल से अच्छी तरह मसाज कर लेनी चाहिए। ऐसा करने से स्कैल्प की ड्राइनेस दूर होती है और यह कंडीशनर का काम करता है। हर सप्ताह 1-2 बार कोकोनट ऑयल या अन्य किसी हेयर ऑयल से मसाज कर सकते हैं।

बारिश के मौसम में शैंपू करने के बाद कंडीशनर जरूर इस्तेमाल करें। इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी। ऐसा करने से हेयर फॉल की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिल सकती है। शैंपू के बाद कंडीशनर इस्तेमाल करने से बाल मुलायम भी बने रहेंगे। बालों को मजबूत बनाने और हेयर फॉल की समस्या से राहत पाने के लिए प्रोटीन से भरपूर डाइट लेनी चाहिए। इस मौसम में आप दाल, पनीर और सोयाबीन की मात्रा बढ़ा सकते हैं। आप नॉनवेज खाते हैं, तो फिश, चिकन और अंडा खा सकते हैं। मौसमी फलों का सेवन करना भी बालों के लिए अच्छा माना जाता है। बालों को मजबूत रखने के लिए सीजनल फ्रूट्स खाने चाहिए। इससे बालों को जिंक, मैग्नीशियम और विटामिंस मिलते हैं। कच्चे अनाज जैसे दलिया और खिचड़ी खाना भी बालों के लिए लाभकारी होता है।

मैं बस अपना सिर नीचे कर काम करती हूं : जाह्नवी

हर कलाकार का अपना सफर होता है। कई बार ऐसा होता है कि कुछ कलाकार अपना सफर साथ शुरू करते हैं, लेकिन वह एक ही मुकाम पर नहीं पहुंच पाते हैं। कोई आगे निकल जाता है, कोई संघर्ष करता रह जाता है। कई बार सितारों के बीच इन चीजों को लेकर मनमुटाव की भी खबरें आती हैं कि एक का आगे निकलना उसके साथ के कलाकार को रास नहीं आता।

हालांकि बात करें अगर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की, तो वह इस तरह की प्रतिस्पर्धा में यकीन नहीं रखती हैं। जाह्नवी कपूर लगातार कई फिल्में कर रही हैं। हाल ही में उनकी रिलीज होने वाली फिल्म उलझ का एक संवाद वायरल हुआ है, जिसमें जब उनके पात्र से पूछा जाता है कि ये बकरी क्या करेगी, तो वह कहती हैं कि पूरा का पूरा शेर खा जाएगी। शुक्रवार को मुंबई में हुए इस फिल्म के एक गाने के लॉन्च पर जब जाह्नवी से पूछा गया कि क्या जिन कलाकारों ने उनके साथ अपना सफर शुरू किया था या जो इस दौर में काम कर रही हैं, उन्हें भी वह काम से खा जाएंगी? इस पर उन्होंने विनम्रता से जवाब देते हुए कहा कि मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है, न ही ऐसा कोई विचार कभी मन में आया है। मैं बस अपना सिर नीचे करके काम कर रही हूं। बता दें कि जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ 2 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस मूवी में गुलशन देवैया भी अभिनय करते दिखेंगे।

बॉलीवुड में रणवीर कपूर के पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं। एक्टर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्टर ने अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर खुलासा किया था। इसके अलावा रणवीर ने बताया कि उनपर चीटिंग का भी आरोप लगा। एक्टर ने कहा कि इससे उनको और उनके परिवार को बहुत चोट पहुंची थी। एक इंटरव्यू में रणवीर ने ये बात स्वीकार की थी कि उन्होंने अपने करियर में दो सक्सेफुल एक्ट्रेसेज को डेट किया था और यहीं उनकी पब्लिक आइडेंटिटी बन गई थी।

दीपिका के रिलेशनशिप को लेकर बोले रणबीर कपूर

बता दें कि रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का रोमांस बॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चित रिलेशनशिप में से एक है। साल 2008 में फिल्म बचना ए हसीनों की शूटिंग के दौरान दोनों एक दूसरे के प्यार में पड़ गए थे। इसके बाद दीपिका ने रणबीर पर चीट करने का आरोप लगाया था। एक्ट्रेस ने ये सभी बातें करण जौहर के शो कॉफी विद करण पर बोली थीं। रिलेशनशिप पर बात करते हुए रणबीर ने कहा कि मुझे हमेशा प्लेब्वॉय कहकर संबोधित किया जाता था। एक ऐसा लड़का जो एक्ट्रेसेज को डेट कर रहा है। रणबीर ने कहा कि आपको बता दूं मैं न्यूयॉर्क में तीन साल नौ महीने रहा। उस दौरान मैंने एक भी लड़की को डेट नहीं किया। मैं हमेशा आशिक टाइप लड़का था और मैंने अपने आपको ये विश्वास दिलाया था कि स्कूल में मेरी जो गर्लफ्रेंड थी वही मेरा पहला प्यार है, जबकि उस समय वो मेरे साथ थी भी नहीं। हालांकि अब सब खत्म हो चुका है और चलिए अब काम पर फोकस करते हैं।

तमन्ना के आइटम नंबर ने लगाई आग

छह साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अगस्त महीने में साल की मच अवेटेड फिल्म 'स्त्री 2' आ रही है। फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज होने के बाद कुछ दिन पहले इसका आइटम सॉन्ग 'आज की रात' आउट हुआ था, जिसमें तमन्ना भाटिया ने अपने मूव्स से आग लगा दी थी।

'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' में तमन्ना भाटिया का शानदार डांस देख उनके चाहने वालों का दिल पिघल गया था। उनकी बोल्डनेस ने भी सभी के होश उड़ा दिये थे, लेकिन इस बोल्डनेस के पीछे डांस के चक्कर में अभिनेत्री की कुल्फी बन गई थी। खुद अभिनेत्री ने सेट से बीटीएस वीडियो शेयर कर इसकी झलक दिखाई है। तमन्ना भाटिया ने 27 जुलाई को इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'आज की रात' के सेट से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में अभिनेत्री ठिठुरती सर्दी में आइटम नंबर की शूटिंग करती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने मजे लेते हुए कहा कि इस स्त्री को आईस्क्रीम खाना पसंद है, आईस्क्रीम बनना नहीं। जैसे ही शॉट कट हुआ, एक्ट्रेस शॉल में लिपट गईं। जिस समय 'आज की रात' की शूटिंग हो रही थी, उसी दौरान तमन्ना भाटिया का जन्मदिन भी था, जो उन्हें बिल्कुल भी याद नहीं था। उन्होंने बताया कि डांस करने के चक्कर में वह अपना बर्थडे तक भी भूल गई थीं, लेकिन सेट पर लोगों ने उनका बर्थडे सेलिब्रेट किया। डांस करते-करते सेट पर एक और केक आया, जो शेड्यूल रैप-अप के लिए था और इसे राजकुमार राव व अभिषेक बनर्जी ने काटा। उन्होंने कहा कि वह केक खाना बंद ही नहीं कर पा रही थीं। तमन्ना भाटिया ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वो रात से आज की रात तक..., मौसम बहुत ठंडा था, लेकिन लोगों का प्यार बहुत गर्म था। मेरा सबसे अच्छा बर्थडे। वक्त बर्बाद किए बिना आज की रात पर अपना प्यार बरसायें।'

पूनम झा का नया गाना 'नशे में हाई'

भारत– जी म्यूजिक कंपनी गर्व से प्रस्तुत करता है 'नशे में हाई', जो प्रतिभाशाली पूनम झा का नया और धमाकेदार पार्टी एंथम है। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा ने इस धमाकेदार ट्रैक को लॉन्च किया है, जो पार्टी प्रेमियों और संगीत प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट डांस नंबर है। 'नशे में हाई' पूनम झा की दूसरी रिलीज है, जिसका मकसद युवा पीढ़ी और सभी पार्टी प्रेमियों को लुभाना है। इस गाने में संगीत, बीट्स और बोलों का अनूठा मिश्रण है, जिसमें स्पेनिश और हिंदी शब्दों को मिलाकर एक जबरदस्त पार्टी एंथम बनाया गया है।

गाने को लॉन्च करने वाली बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पूजा बत्रा ने कहा कि अपने करियर के दौरान, मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी है और मुझे लगता है कि हर किसी को ऐसा ही करना चाहिए। एक प्रतिस्पर्धी दुनिया में, अपने जुनून को खो देना आसान है, लेकिन पूनम का नया गाना यह साबित करता है कि 'अपने दिल की सुनने की कोई उम्र नहीं होती।' पूनम और उनकी टीम को इस जीवंत, अपने पैरों को थिरकने के लिए मजबूर कर देने वाले इस गाने को बनाने के लिए बधाई, जिसे मैं निश्चित रूप से पूरे साल एक पार्टी पसंदीदा गाना मानती हूं। मैं अपने सभी प्रशंसकों को यह संदेश देना चाहती हूं, 'अपने जुनून को अपनाएं और अपने सपनों को पूरे करने की दिशा में काम करें, क्योंकि अंत में यही सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस गाने में पूनम झा ने अभिनय के साथ अपनी आवाज दी है। वह कहती हैं कि गाना हमेशा से मेरा जुनून रहा है, लेकिन अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण मैं इसे पहले नहीं कर पाई। अब जब वे पूरी हो गई हैं, तो मैं अपने दिल की सुनकर बहुत खुश हूं। मैं अपने पति मनोज झा को बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे मजबूत समर्थन दिया और मेरे सपनों को उड़ान दी। मुझे विश्वास है कि जिन चीजों से आप प्यार करते हैं, उसे पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती।

छलका कृतिका का दर्द

छोटे पर्दे की जानी-मानी एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने टीवी शो से लेकर कई वेब सीरीज में काम किया है। उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना दीवाना बनाया है। एक्ट्रेस ने साल 2018 में 'मित्रों' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि वह बॉलीवुड में अपनी शुरुआत धर्मा के एक बड़े प्रोजेक्ट से करने वाली थीं। हालांकि, बाद में उनका प्रोजेक्ट बंद हो गया, जिससे वह बहुत निराश हुई थीं।

अब उन्होंने इस बारे में खुलकर एक इंटरव्यू में बात की है। हाल ही में बातचीत करते हुए कृतिका कामरा ने इस बात का खुलासा किया है कि वह अपने हिंदी फिल्म करियर की शुरुआत एक ऐसे प्रोजेक्ट से करने वाली थीं, जिसे करण जौहर और एकता आर कपूर मिलकर प्रोड्यूस करने वाले थे। यह फिल्म मीरा नायर की वैनिटी फेयर का हिंदी रीमेक होने वाली थी, जिसमें रीज विदरस्पून मुख्य भूमिका में थीं। कृतिका ने इसके बारे में बात करते हुए कहा कि अगर वह फिल्म बनती, तो यह मेरी पहली फिल्म होती। यह पहली फिल्म थी, जिसे मैंने साइन किया था। इसे अक्षय रॉय डायरेक्ट करने वाले थे। हमने तैयारी और रीडिंग कर ली थी। सभी चार्ट शेड्यूल किए गए थे, लेकिन फिर कुछ फाइनेंशियल और व्यावसायिक कारणों से फिल्म नहीं बन पाई। एक्ट्रेस ने कहा कि यह वह समय था, जब मैंने टेलीविजन छोड़ दिया था और फिल्मों के लिए ऑडिशन दे रही थी। धर्मा में लॉन्च होना एक बहुत बड़ी बात थी। यह साइन हो चुकी थी और फ्लोर पर जाने के लिए तैयार थी और फिर जब ऐसा नहीं हुआ, तो यह निराशाजनक था।

शनाया कपूर ने लगाया ग्लैमर का तड़का

ब्यूटीफुल शनाया कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो जो कुछ भी शेयर करती हैं वो आते ही वायरल हो जाता है। अपनी हालिया तस्वीरों में शनाया कपूर हुस्न का जलवा बिखेरती दिखाई दे रहीं हैं। इन फोटोज में शनाया कपूर शीशे के सामने खड़े होकर एक से बढ़कर एक जबरदस्त पोज देती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में शनाया कपूर फ्लोरल प्रिंटेड व्हाइट ड्रेस में बला की हसीन लग रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए शनाया कपूर ने इन्हें कैप्शन दिया - जब संदेह हो, तो उसका प्रतिबिम्बन करें। इससे पहले शनाया कपूर कुछ इस अंदाज में फैंस की धड़कनों को बढ़ाती हुई नजर आईं थीं। सोशल मीडिया पर शनाया कपूर कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में धमाल मचाती नजर आईं थीं। आपको बता दें कि, शनाया कपूर बहुत जल्द बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं।

'इंजीनियरिंग के बाद एक्टिंग में रखा कदम'

'गणपत', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया', 'लुका छुप्पी' और 'क्रू' जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग का दम दिखा चुकी बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन 27 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। वह नॉन फिल्मी बैकग्राउंड से आती हैं और उन्होंने हिंदी के साथ-साथ कई तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। कृति सेनन ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग में हाथ आजमाया और अब वह एक्टिंग के साथ-साथ कई बिजनेस भी चलाती हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं उनकी लाइफ से जुड़े कई दिलचस्प किस्सों के बारे में। कृति का जन्म 1990 में दिल्ली में हुआ है। उनके पिता सीए हैं और मां प्रोफेसर रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली से की है और इसके बाद उन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई दिल्ली से ही की है। फिर एक्ट्रेस ने नोएडा के एक कॉलेज से बीटेक किया और इंजीनियरिंग की डिग्री ली। पढ़ाई पूरी करने के बाद कृति सेनन ने मॉडलिंग की और इसी दौरान उनको तेलुगु में अपनी पहली फिल्म मिल गई। इस मूवी में उनके साथ महेश बाबू नजर आए थे। इस मूवी ने एक्ट्रेस की किस्मत बदल दी और लोगों ने इसमें उनके अभिनय की काफी तारीफ भी की। साल 2014 में ही कृति को पहली हिंदी फिल्म 'हीरोपंती' मिल गई, जिसमें वह टाइगर श्रॉफ के साथ दिखाई दी थीं। कृति ने अपने करियर में शाह रुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर समेत कई स्टार्स के साथ मिलकर काम किया है। आज एक्ट्रेस एक फिल्म के लिए करोड़ों की फीस लेती हैं। इसके साथ ही वह कई करोड़ की मालकिन भी हैं।



मीका सिंह की गोद में बैठीं निक्की तंबोली

मीका सिंह की निक्की तंबोली के साथ फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इन फोटोज को देखकर फैंस के मन में सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर मांजरा क्या है। मीका सिंह इसमें ब्लैक सूट पहने दिख रहे हैं और निक्की ने रेड कलर की ड्रेस।

फोटोज में निक्की, मीका की गोद में बैठी हुई हैं। फोटोज में फैंस को दोनों की कैमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। किसी का मानना है कि ये दोनों शायद किसी गाने के लिए साथ आने वाले हैं। मीका सिंह हाल ही में सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर के बर्थडे सेलिब्रेशन में पहुंचे थे। इस दौरान से मीका ने सलमान को हग करते हुए फोटो शेयर की थी। बता दें कि निक्की तंबोली साउथ की फिल्मों में काम करती थीं, लेकिन शो बिग बॉस से उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। निक्की शो फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 11 में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं। वहीं साल 2023 में वह फिल्म जोगिरा सारा रा रा में आइटम सॉन्ग कर चुकी हैं। निक्की सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। कई बार उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जाता है, लेकिन इससे एक्ट्रेस को फर्क नहीं पड़ता था।

मस्ती करते दिखे होस्ट अनिल कपूर

बिग बॉस ओटीटी 3 में वीकेंड का वार होने वाला है, जिसमें एक बार फिर अभिनेता और होस्ट अनिल कपूर स्टेज पर आकर घर वालों के साथ मस्ती मजाक करते हुए उनकी क्लास भी लगाएंगे। इसके कई प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं। एक प्रोमो में देखने को मिला कि होस्ट कंटेस्टेंट से एक-दूसरे की नकल करने के लिए कहते हैं। वहीं, दूसरे प्रोमो में वह रणवीर और कृतिका से कई सवाल भी करते हुए नजर आते हैं। जियो सिनेमा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर वीकेंड का वार के कई प्रोमो शेयर किए हैं। पहले प्रोमो में 'गोलू' और 'गुड्डु' की कहानी देखने को मिलती है। बता दें कि गोलू (कृतिका) हैं और गुड्डू (अरमान) है। ऐसे में सबसे पहले शिवानी उनकी एक्टिंग करते हुए दिखाई देती हैं। वह विशाल के पास जाकर उनकी एक्टिंग करती हैं और कहती हैं कि हम हलवा बनाकर खाएंगे। इसके बाद विशाल पांडे, अरमान की नकल करते हैं। फिर होस्ट रणवीर से शिवानी के खाने की नकल करते हुए कहते हैं। इसके बाद दूसरे प्रोमो में देखने को मिलता है कि होस्ट रणवीर और कृतिका के साथ गेम खेलते हुए नजर आते हैं। वह रणवीर से कहते हैं कि आज आपकी स्टूडेंट तय करेगी कि आपको कितना खाना मिलेगा।

खजाना गजल महोत्सव पंकज उधास को समर्पित

प्रसिद्ध गजल गायक अनूप जलोटा, तलत अजीज, जावेद अली, सुरेश वाडकर, रेखा भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, सुदीप बनर्जी, रूना रिजवी, पृथ्वी गंधर्व, शिवानी वासवानी, श्राबोनी चौधरी, मीनल जैन, पूजा गायतोंडे के साथ फरीदा पंकज उधास-पीएटीयूटी, सीपीएए संस्थापक और अध्यक्ष वाई.एस. K. सप्रू ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और कैंसर रोगियों के लिए धन जुटाने के महान उद्देश्य के साथ ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट मुंबई में खज़ाना ग़ज़ल महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया। इस वर्ष खज़ाना ग़ज़ल महोत्सव प्रसिद्ध ग़ज़ल उस्ताद पंकज उधास को समर्पित किया गया है, जिनकी याद में खजाना की विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा।

कावंडियों के सुरक्षित सफर के लिए मुस्तैद है पुलिस

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर। श्रावण मास में कांवडियों के सुरक्षित सफ़र के लिए गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारी जिले से गुजरने वाले कांवडियों की सुविधाओं व सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त कर रहे हैं। कांवडियों के मार्ग में पड़ने वाले अतिक्रमण को हटाया जा रहा है तथा कांवडियों के लिए बनाये गये शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है।

एसीपी-4 ग्रेटर नोएडा द्वारा SDM व SHO जेवर के साथ कस्बा जहाँगीरपुर में कांवड़ यात्रा मार्ग/कांवड़ शिविर का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाया गया व ड्यूटी मे लगे पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वहीं श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत नोएडा जोन क्षेत्रांतर्गत कांवड़ शिविर/कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर ड्यूटी मे लगे पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये गये।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर शिवहरी मीना ने श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत अंतर्जनपदीय बार्डर के पास फुट पैट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था व कांवड यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।

अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर शिवहरी मीना ने श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मिया खान, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ह्रदेश कठेरिया एवं एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र तथा एसीपी तृतीय नोएडा सुश्री शैव्या गोयल मय थाना प्रभारी दादरी, बादलपुर, फेस-3 व सेक्टर 63 के साथ कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के तीनो जोन क्षेत्रान्तर्गत विभिन स्थानों अंतर्जनपदीय बार्डर दादरी, लाल कुंआ, एसजेएम कट, बिसरख, सेक्टर-63, सेक्टर-71, मॉडल टाउन व अन्य स्थानों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों द्वारा कांवड रूट पर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित को निर्देशित किया गया कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कांवड यात्रा सुरक्षित व सरलता के साथ गुजरे व किसी भी शिव भक्त को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पडे। कैम्प आयोजकों द्वारा उचित स्थान पर ही कैम्प लगाया जाए। गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर सभी सीमावर्ती बॉर्डर के राज्यों व जनपदों के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर आपसी सामंजस्य बनाया गया है। सभी बॉर्डर पर प्रतिदिन चेकिंग की जा रही है।

'नो-थू-थू अभियान' साफ किए 'लाल निशान'

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने शहर में 'नो-थू-थू अभियान' शुरू किया है। इस अभियान की शुरूआत शनिवार को हुई। अभियान के तहत जगह-जगह पान-खुटखा खाकर थूकने से बने लाल निशानों को साफ किया गया।

नोएडा को स्वच्छता रैकिंग में ऊपर लाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डा. लोकेश एम काफी प्रयासरत हैं। इस प्रयास के तहत अब उनके निर्देश पर 'नो-थू-थू अभियान' की शुरूआत की गई है। इधर-उधर थूंक कर शहर की सुंदरता को गंदा करने वालों को रोकने तथा उन्हें जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। नोएडा के सेक्टर-41 एवरग्रीन मार्केट और सेक्टर-50 सेंट्रल मार्केट से 'नो-थू-थू अभियान' की शुरूआत की गई।

नोएडा में 'नो-थू-थू अभियान' के दौरान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी नोएडा में इधर-उधर पान, गुटखा खाकर थूंकने वालों को जागरूक किया।

'नो थू-थू अभियान' के दौरान सेक्टर-50 के ए ब्लॉक मार्केट में कूड़ा साफकिया गया साथ ही दीवारों, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों को साफ किया गया। यहां पान-गुटखा थूक कर बनाये गये लाल निशान भी मिटाये गये। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

पत्नी मोबाइल पर करती थी बात शक में गला दबाकर मार डाला

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र में शक के आधार पर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले पति व उसके भांजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को कपड़े में लपेटकर घर के अंदर बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। पुलिस ने जब इस घटना में सख्ती से पूछताछ की हत्या का आरोप स्वीकार कर लिया।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार 27 जुलाई 2024 को थाना फेस-3 में महिला की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति सर्वेश गुप्ता पुत्र श्रीराम गुप्ता व पवन गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता को थाना फेस-3 पर पूछताछ के लिए बुलाया था जहां उनके द्वारा हत्या करना स्वीकार किया गया था।

पुलिस को हत्यारोपी सर्वेश गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2011 में मृतका से हुई थी। पिछले करीब 1 वर्ष से ग्राम गढी चौखण्डी में किराये पर रहते थे। सर्वेश सैक्टर-67 की एक कम्पनी में सिलाई का काम करता था, उसकी पत्नी एक कम्पनी में धागा कटिंग का काम करती थी। पत्नी के अलग काम करने एवं अधिकतर समय मोबाइल प्रयोग करने के कारण सर्वेश को अपनी पत्नी पर शक था। इसी शक को लेकर वह उसके साथ मारपीट करता था एवं जान से मारने की धमकी देता था। अपनी पत्नी को जान से मारने के लिये उसने अपने रिश्ते के भांजे पवन गुप्ता को गांव से बुलाया था।

23 जुलाई की रात में सर्वेश की पत्नि मोबाइल चला रही थी तो सर्वेश ने अपनी पत्नी से मोबाइल मांगा तो दोनो में लडाई झगडा होने लगा। झगडे के बाद सर्वेश गुप्ता ने अपने भांजे पवन गुप्ता के साथ मिलकर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी एवं शव को कपडे में लपेटकर कमरे में छिपा दिया तथा कमरे का बाहर से ताला बंद कर दिया था।

कहानी 'संग्रह सांतवा' आसमान का हुआ लोकार्पण

पुस्तक लोकार्पण
सातवाँ आसमान
डायमंड बुक्स

नोएडा (चेतना मंच)। महीपाल सिंह की पुस्तक 'सातवाँ आसमान' का लोकार्पण सैक्टर 35 नोएडा के सामुदायिक केंद्र में एक भव्य समारोह में किया गया। लोकार्पण एनपी सिंह के जन्मदिन पर किया गया। मानव व्यवहार पर आधारित चौबिस कहानियों वाली इस पुस्तक का प्रकाशन भारत के सुप्रसिद्ध प्रकाशक 'डायमंड बुक्स' द्वारा किया गया। पुस्तक का विमोचन डाक्टर महेश शर्मा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री-द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस डा. योगेन्द्र नारायण, पूर्व आईएएस कर्ण सिंह चौहान, आनन्द कुमार चौहान (निदेशक-एमिटी एजुकेशन ग्रुप), कृपाल सिंह (पूर्व सी एम डी-उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन), विनोद कुमार शर्मा पत्रकार, सांसद डा. महेश शर्मा, पूर्व विधायक विमला वाथम, नबाब सिंह नागर (पूर्व मंत्री), विनय वर्मा विधायक, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, एन पी सिंह अध्यक्ष डीडी आरडब्लूए फेडरेशन, अशोक श्रीवास्तव मंचासीन हुए।

'नमो भारत ट्रेन' ऐप को किया अपडेट, नए फीचर जोड़े

गाजियाबाद। देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) के संचालित सेक्शन में नमो भारत ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट ऐप को अपडेट किया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एपल स्टोर में उपलब्ध है। इस ऐप में यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट बुकिंग के साथ-साथ कई अन्य नए फीचर भी जोड़े गए हैं, जो यात्रियों के सफर को बेहद आरामदायक और सुविधाजनक बना रहे हैं।

MEERUT
GHAZIABAD
ncrtc

आरआरटीएस कनेक्ट ऐप के जरिये यात्री प्लान यौर जर्नी में जाकर अपनी यात्रा के लिए टिकट बुक करते हैं, जिसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिये भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही ट्रांजैक्शन हिस्ट्री में जाकर यात्री अपनी पिछली सभी यात्राओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उसका बिल भी डाउनलोड कर सकते हैं।

एनसीआरटीसी ने लाइव ट्रेन ट्रैकिंग सुविधा भी शुरू की है जो यात्री को उसके स्टेशन पर अगले 30 मिनट में उपलब्ध नमो भारत ट्रेनों की वास्तविक स्थिति और उसकी पूरी ट्रैकिंग को दर्शाएगी। साथ ही यह यात्रियों को दिल्ली या मेरठ की दिशा में अगला स्टेशन कौन सा होगा और कितने किमी की दूरी पर आएगा तथा नमो भारत ट्रेन आपको वहां कितने मिनट में पहुंचा देगी, यह भी बताएगी। इसमें सप्ताह के सभी दिनों में ट्रेन सेवा शुरू होने और रात्रि में समाप्त होने की पूरी समय सारणी भी दी गयी है।

मोबाइल में होगी 'नमो भारत ट्रेन' की हर जानकारी

ऐप में फीडर बस सर्विस का विकल्प भी दिया गया है। इसकी मदद से यात्री लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए फीडर बस सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। तथा यात्रा आरंभ करने के स्थान से नजदीकी आरआरटीएस स्टेशन आने और जाने के लिए उपलब्ध सभी बस स्टॉप का विवरण भी जान सकते हैं। इन बस स्टॉप पर बस के आने और जाने का समय भी दिया गया है, ताकि उसके अनुसार यात्री अपनी यात्रा प्लान कर सकें।

इतना ही नहीं आरआरटीएस के यात्रियों को स्टेशनों पर बाइक, ऑटो और कैब बुक करने लिए रैपिडो ऐप का लिंक भी दिया गया है, जिसकी मदद से यात्री एक क्लिक पर सीधे रैपिडो ऐप में जाकर अपनी राइड बुक कर सकते हैं।

आरआरटीएस कनेक्ट ऐप में यात्रियों को 'स्टेशन फैसिलिटी' का ऑप्शन भी दिया गया है। इस ऑप्शन के अंदर ऐप सबसे पहले यात्रियों को उनके नजदीकी आरआरटीएस स्टेशन का नाम दिखाएगा। इस फीचर में यह भी बताया जाएगा कि यह स्टेशन किस जगह पर स्थित है और उसके नजदीकी माइलस्टोन क्या हैं।

इस फीचर से यह भी पता चल जाता है कि स्टेशन में पीने का पानी और वॉशरूम आदि सुविधाएं स्टेशन के किस हिस्से में उपलब्ध हैं। साथ ही स्टेशन के अलग-अलग प्रवेश निकास द्वारों के बारे में भी पता चल जाता है। यह भी कि कौन सा प्रवेश निकास द्वार यात्रियों के लिए खुला हुआ है। इस पर प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी मिल जाती है कि कौन से प्लेटफॉर्म से किस ओर जाने वाली ट्रेन मिलेगी।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com